Ranchi • Thursday, 01 January 2026 • Year : 04 • Issue : 344 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : ₹3 • www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

Happy New Year
Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published From Ranchi
2026

घड़ी की सुई 12 पर, लोगों ने कहा- हैप्पी न्यू ईयर

रांची में आतिशबाजी के साथ डीजे की धुन पर युवाओं ने मचाया धमाल

» क्लबों, होटलों, बारों और सड़कों पर भी नाचते-गाते मस्ती में दिखाई पड़े लोग

» लाइव बैंड और डिनर पार्टी के साथ गुलजार रही पूरी रात

31 दिसंबर की रात घड़ी की सुई 12 पर पहुंचते ही साल 2025 की विदाई और नए साल 2026 का आगाज हो गया। लोगों ने उत्साह से भरकर कहा- हैप्पी न्यू ईयर। झारखंड की राजधानी रांची में नए साल का जश्न आतिशबाजी के साथ शुरू हुआ। युवाओं ने डीजे की धुन पर जमकर धमाल मचाया। क्लबों, होटलों, बारों और सड़कों पर लोग नाचते-गाते मस्ती में दिखाई पड़े। लाइव बैंड और डिनर पार्टी के साथ पूरी रात गुलजार रही। शहर में नए साल के स्वागत के लिए क्लबों से लेकर रेस्टोरेंट व रिजॉर्ट तक हर जगह डीजे सजाए गए थे। इसके अलावा कांके रिजॉर्ट और होली-डे होम में रशियन डांसरों ने राजधानीवासियों को झूमने के लिए जोश से भर दिया। अनलिमिटेड ड्रिंक, लजीज व्यंजन के साथ, रशियन बेले डांसर, म्यूजिकल डांस ग्रुप और आतिशबाजी की भी व्यवस्था हर जगह रही। नए साल का जोश बच्चों में भी देखने को मिला।

डांसरों का लाजवाब परफॉर्मेंस

कांके रिजॉर्ट में नए साल का स्वागत लाइव बैंड के साथ डांसरों का परफॉर्मेंस लाजबाव रहा। यहां इंट्री शुल्क 4999 रुपये और कपल एंट्री का शुल्क 7999 रुपये रखा गया था। 6 से 14 साल के बच्चों के लिए 1499 रुपये एंट्री फीस रखी गई थी। राजधानी के मेन रोड का पांच सितारा होटल रेडिसन ब्लू में नए साल की धूम रातभर रही। प्रीमियम तरीके से नए साल का स्वागत किया गया। यहां ब्लू बर्ड बैंड का परफॉर्मेंस देखकर लोग थिरकने को मजबूर हो गए।

नरम गुलाबी धूप करेगी नए साल का स्वागत

साल के पहले दिन से न्यूनतम तापमान में सुधार की संभावना जताई गई है। लिहाजा, 1 जनवरी का आगाज नरम गुलाबी धूप के साथ होगा। हालांकि राज्य के दक्षिण-पूर्वी और उत्तरी भागों में सुबह के वक्त कहीं-कहीं घना कोहरा देखने को मिल सकता है। विभाग के मुताबिक, गुमला जिला में पारा 3.9 डिग्री रहा। जबकि हजारीबाग में 4.5 डिग्री, लोहरदगा में 5.1 डिग्री, डाल्टनगंज में 5.1 डिग्री और खूंटी में 5.2 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा। रांची का न्यूनतम पर 7.0 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। वहीं 12 जिलों में कोहरा देखा गया।

SHARE

संसेक्स	:	85,220.60
निफ्टी	:	26,129.60

SARAFA

सोना	:	12,605
चांदी	:	258.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

मनाई गई रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ

AYODHYA : बुधवार अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ मनाई गई। इस मौके पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी ने सबसे पहले हनुमानगढ़ी पहुंचकर पूजा-अर्चना और आरती की। फिर राम मंदिर में रामलला के दर्शन किए। आरती के बाद रक्षामंत्री ने प्रभु श्रीराम को दंडवत प्रणाम किया। शंख-मंजीरों की गूंज और सीता राम, सीता राम के भजन के बीच राजनाथ सिंह माता अन्नपूर्णा मंदिर पहुंचे। परकोटा के मंदिरों में पहली बार धर्म ध्वजा फहराई। पूरी रामनगरी भक्ति भाव में डूबी नजर आई। माहौल दो साल पहले प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन जैसा महसूस हुआ। इस बीच दोनों नेता अंगद टीला पहुंचे और जनसभा को संबोधित किया। योगी ने कहा- अयोध्या, जिसके नाम को सुनकर लगता है कि यहां कभी युद्ध नहीं हुआ। लेकिन, कुछ लोगों ने अपने स्वार्थ के लिए अयोध्या को भी संघर्ष और उपद्रव का अड्डा बना दिया था।

प्रोन्नत अफसरों को सीएम ने पहनाया बैज

RANCHI : बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्य पुलिस सेवा के कई अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इनमें राम समद, रोशन गुड़िया, अविनाश कुमार, राजेश कुमार, मजरूल होदा तथा दीपक कुमार शामिल थे। उल्लेखनीय है कि इन सभी अधिकारियों को हाल ही में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) रैंक में पदोन्नति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अधिकारियों को आईपीएस की बैज पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने सभी अधिकारियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

दुस्साहस : वार्ड के बाथरूम में लगे लोहे के रॉड को काटकर निकले बाहर

हजारीबाग जेल की सिक्योरिटी भेदकर उम्रकैद के 3 कैदी फरार

टेंट के कपड़े से बनाई रस्सी के सहारे भागने में हुए सफल, धनबाद के रहने वाले हैं तीनों

रात में करीब एक बजे कैदियों ने घटना को दिया अंजाम, सुरक्षा पर सवाल

- कैदी जहां से भागे, वहां दोनों ओर लगभग 50-50 मीटर की दूरी तक गश्ती मार्ग

- पड़ताल की जा रही कि इस घटना में किसी जेलकर्मी की संलिप्तता तो नहीं

"तीनों कैदी पांच स्तरीय सुरक्षा दीवार को भेद कर भागे हैं। तीनों धनबाद जिले के रहने वाले हैं। -चंद्रशेखर सुमन, जेल अधीक्षक

PHOTON NEWS HZB : हजारीबाग से सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां लोकनायक जयप्रकाश नारायण सेंट्रल जेल से उम्रकैद की सजा काट रहे तीन कैदियों के फरार होने से जेल प्रशासन के हाथ-पैर फूल गए हैं। आश्चर्यजनक बात यह है कि कैदियों ने किसी अत्याधुनिक उपकरण का नहीं, बल्कि जेल के भीतर उपयोग होने वाले टेंट के कपड़े को रस्सी में बदलकर इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। इस घटना के बाद जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। अब तक की जानकारी के अनुसार, यह घटना 30 नवंबर की रात करीब एक बजे की है। जिस वार्ड में तीनों कैदी बंद थे, उसके बाथरूम में लगे लोहे के रॉड को काटकर वे बाहर निकले। इसके बाद तीनों आरोपी जेल के गुमटी नंबर 4 और 5 के बीच वाली दीवार की ओर बढ़े। यहां आरोपियों ने पहले लोहे के हुक (हक) की मदद से खुद को बिजली फेंसिंग में एक दांत के सहारे फंसाया और दीवार के ऊपर चढ़े, फिर उन्होंने बिजली फेंसिंग का एक फेज काट दिया, जिससे बिजली का प्रवाह बंद हो गया। इसके बाद वे फेंसिंग पार कर दूसरी ओर निकल गए।

लगे हैं 360 डिग्री वाले सीसीटीवी कैमरे

फरार कैदियों में धनबाद के लोयाबाद का देवा भुइयां, केंदुआडीह थाना क्षेत्र के गोधर का जितेंद्र रवानी व जोगता थाना क्षेत्र के सिजुआ का निवासी राहुल पंजवार शामिल है। राहुल को आजीवन कारावास, जितेंद्र को 22 वर्ष और देवा को 20 साल की सजा दी गई है। कैदियों के भागने का पता तब चला, जब सुबह सात बजे कैदियों की गिनती शुरू हुई। बैरक नंबर-6 में 40 कैदी बंद थे। इन्हीं में से तीन भागे। सबसे अहम तथ्य यह है कि अपराधियों ने टेंट का वही कपड़ा इस्तेमाल किया, जिसका उपयोग बैरक में बिस्तर बनाने के लिए किया जाता है। उन्होंने उस कपड़े को रस्सी की तरह इस्तेमाल कर दीवार पर चढ़ने और दीवार से बाहर नीचे उतरने के लिए प्रयोग किया। कैदी जहां से भागे थे, वहां दोनों ओर लगभग 50-50 मीटर की दूरी तक गश्ती मार्ग, भरपूर रोशनी और 360 डिग्री वाले सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इस पूरे क्षेत्र की सुरक्षा की जिम्मेदारी जैप-7 के जवानों के पास है। इन सब सुरक्षा उपायों के बावजूद 3 कैदियों का इस तरह फरार हो जाना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

घटना के बाद जेल प्रशासन परेशान

बताया जाता है कि कैदी जहां से भागे, वह रास्ता कोलघटी से मंडई की ओर गुजरने वाली सड़क है। यह स्थान खुले इलाके में पड़ता है, जहां जेल की गुमटी संख्या 4 और 5 स्थित है। इसी रास्ते से आरोपी आसानी से बाहर निकलकर भागने में सफल हो गए। घटना के बाद जेल प्रशासन परेशान है। फरार कैदियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस और प्रशासन की कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। दूसरी ओर, इस पूरे मामले में आंतरिक जांच भी शुरू कर दी गई है। सुरक्षा में हुई चूक को लेकर दोषी कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। इस बात की पड़ताल भी हो रही है कि इस घटना में किसी जेल कर्मी की संलिप्तता तो नहीं है।

कारगर आर्थिक सुधारों के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था ने लगाई बड़ी छलांग

- दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था के साथ 2026 में भी जारी रहेगी मजबूती की राह
- मजबूत वृद्धि, कम मुद्रास्फीति व सुदृढ़ बैंकिंग प्रदर्शन जैसे अनुकूल कारक मौजूद
- 2025 के दौरान आर्थिक रफ्तार को कायम रखने के लिए सुधार के कदम भी तैयार
- आगामी बजट में पूंजीगत व्यय व निजी निवेश के लिए नए उपायों के एलान की उम्मीद

NEW DELHI @ PTI : आर्थिक रूप से साल 2025 भारत के लिए बड़ी उपलब्धियों वाला रहा। कारगर आर्थिक सुधारो के दम पर अर्थव्यवस्था ने लंबी छलांग लगाई है। सभी मानकों पर यह स्पष्ट हो रहा है कि विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत 2026 में मजबूत स्थिति बनाए रखने की राह पर है, जहां मजबूत वृद्धि, कम मुद्रास्फीति एवं सुदृढ़ बैंकिंग प्रदर्शन जैसे अनुकूल कारक मौजूद हैं। साथ ही, 2025 के दौरान देखी गई आर्थिक रफ्तार को कायम रखने के लिए सुधार के कदम भी भी तैयार हैं। केंद्र सरकार से जीवन सुगमता एवं कारोबार सुगमता के विषयों को आगे बढ़ाते हुए आगामी बजट में पूंजीगत व्यय तथा निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए नए उपायों की घोषणा किए जाने की उम्मीद है। इससे शुल्क एवं भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच भारत एक अधिक आकर्षक निवेश गंतव्य बन सके।

आईएमएफ की चिंता का होगा समाधान

आधार वर्ष 2011-12 पर आधारित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर लगातार तिमाहियों में बढ़ी है। 2025-26 की दूसरी तिमाही में यह 8.2 प्रतिशत पर पहुंच गई जबकि खुदरा मुद्रास्फीति वर्ष के अंत तक भारतीय रिजर्व बैंक की निचली सीमा दो प्रतिशत से नीचे आ गई। सरकार के एक बयान में कहा गया कि भारत ने 4180 अरब अमेरिकी डॉलर के जीडीपी के साथ जापान को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान हासिल कर लिया है। 2030 तक अनुमानित 7300 अरब डॉलर की जीडीपी के साथ अगले ढाई से तीन वर्ष में जर्मनी को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचने की राह पर है। सरकार के बयान के अनुसार, वर्तमान व्यापक आर्थिक स्थिति उच्च वृद्धि और कम मुद्रास्फीति के दुर्लभ मजबूत दौर को दर्शाती है। सरकार राष्ट्रीय खातों के लिए आधार वर्ष को 2011-12 से बदलकर 2022-23 करने पर भी काम कर रही है, जिससे सकल घरेलू उत्पाद की गणना पद्धति को लेकर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा उठाई गई चिंताओं का प्रभावी समाधान किया जा सके। घरेलू मुद्रा के मोर्चे पर, शेयर बाजारों से विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के बहिर्वाह से रुपये पर दबाव बना, हालांकि नवंबर में रुपये की अस्थिरता एक महीने पहले की तुलना में कम हुई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अर्थव्यवस्था आकलन के अनुसार, वैश्विक स्तर पर चुनौतीपूर्ण एवं अनिश्चित माहौल के बावजूद 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूत जुझारूपन दिखाया और पूरे वर्ष वृद्धि में तेजी बनी रही। यह वृद्धि मुख्य रूप से मजबूत घरेलू मांग खासकर ग्रामीण उपभोग, मुद्रास्फीति में नरमी एवं स्थिर निवेश में बढ़ोतरी से संचालित रही, जिसने इस गति को बनाए रखा।

नए साल पर कई आईएएस-आईपीएस को तोहफा

छवि रंजन बने अभियान निदेशक कुमार रजत रांची के नए एसडीओ

छवि रंजन

कुमार रजत

सिमडेगा के एसपी बदले, नौशाद आलम को विशेष शाखा में भेजा गया

PHOTON NEWS RANCHI : नए साल की शुरुआत से ठीक पहले हेमंत सरकार ने राज्य के प्रशासनिक और पुलिस महकमे में बड़ा बदलाव किया है। कई आइएएस अधिकारियों को तबादला किया गया है। कुछ को नई पोस्टिंग दी गई है। वहीं कुछ आईपीएस अधिकारियों को प्रोन्नति के साथ पोस्टिंग मिली है। कुछ का स्थानांतरण किया गया है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी छवि रंजन अभियान निदेशक बनाए गए हैं। वहीं कुमार रजत रांची के नये एसडीओ बने हैं। वहीं सिमडेगा के एसपी बदले गए हैं। आईपीएस नौशाद आलम को विशेष शाखा में भेजा गया है।

विस्तृत खबर डिजिटल पर पढ़ें।

कफ सीरप तस्करी केस : भोला जायसवाल है गिरोह के संचालन का मास्टरमाइंड

यूपी पुलिस का एक्शन : रांची के शैली ट्रेडर्स सहित 7 के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

किसी मेडिकल स्टोर का वास्तविक संचालन नहीं

पुलिस द्वारा किए गए फिजिकल इंस्पेक्शन में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि यह सभी नामों में से कोई भी मेडिकल स्टोर वास्तव में संचालित नहीं पाया गया।

PHOTON NEWS RANCHI : पुलिस ने कोडीन युक्त कफ सीरप की अवैध तस्करी से जुड़े एक बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है। इस गिरोह का संचालन रांची से किया जा रहा था, जिसका मास्टरमाइंड भोला जायसवाल है। यूपी पुलिस की जांच में सामने आया है कि जायसवाल फर्जी बिल्टी बनाकर कफ सीरप की बड़ी खेप पड़ोसी देश बांग्लादेश तक भेजता था। इस मामले में यूपी पुलिस ने चंदौली जनपद के मुगलसराय क्षेत्र में सात लोगों व फर्मों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। इनमें राज्य का शैली ट्रेडर्स शामिल है। ये सभी लोग फर्जी दस्तावेजों के जरिए तस्करी के नेटवर्क को कवर दे रहे थे। यूपी पुलिस ने अंजलि रानी कसेरा (समृद्धि इंटरप्राइजेज), आलोक प्रजापति (चॉइस डिस्ट्रीब्यूटर्स), सबा परवीन (मेसर्स एसपी फार्मा), आकाश गुप्ता (विष्णु मेडिकल एजेंसी), स्वप्निल केसरी (न्यू केसरी मेडिकल एजेंसी), शैली ट्रेडर्स (मुख्य फर्म) लाइसेंस और बिल्टी बेचने के रैकेट के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है।



न्यू स्टडी प्राकृतिक एंटी एजिंग क्षमता वाले अणु खुद बनाता है शरीर

नई स्किन थेरेपी से धीरे-धीरे कम होने लगेगी उम्र बढ़ने की रफ्तार

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : जन्म के बाद शैशव, बालपन, किशोरावस्था युवावस्था, प्रौढ़ावस्था और फिर बुढ़ापा। यह प्रकृति का निर्धारित क्रम है। मनुष्य की सेहत और आयु को लेकर विज्ञान के क्षेत्र में लगातार नए रिसर्च हो रहे हैं। विभिन्न प्रकार की बीमारियों के इलाज से लेकर बढ़ती आयु की रफ्तार में कमी लाने को लेकर लंबे समय से शोध चल रहा है। इस बीच साल 2025 का अंत होते-होते यह महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है कि वैज्ञानिकों ने लंबे समय तक रिसर्च करने के बाद त्वचा की थेरेपी से जुड़ी एक ऐसी प्रक्रिया ईजाद की है, जिसके माध्यम से बढ़ती उम्र की रफ्तार को कम किया जा सकता है। यह प्रक्रिया एक नई स्किन थेरेपी के माध्यम से भविष्य में संभव हो सकती है। अमेरिकन केमिकल सोसाइटी और अमेरिकन सोसाइटी ऑफ फामाकीग्नॉसी के जर्नल ऑफ नेचुरल प्रोडक्ट्स में शोध के नतीजे विस्तार से प्रकाशित किए गए हैं। रिसर्च में बताया गया है कि वैज्ञानिकों ने खून में पाई जाने वाली एक बैक्टीरिया की प्रजाति से बने नए एंटी एजिंग यौगिक खोजे हैं। यह खोज भविष्य में नई स्किन-रिजुवनेशन थेरेपी यानी त्वचा को फिर से जवां करने के तरीकों की राह दिखा सकती है। इन यौगिकों को इंडोल मेटाबोलाइट्स कहा जाता है।

बुढ़ापा घटाने में अप्रत्याशित स्रोत की संभावना

इन यौगिकों ने लैब में तैयार त्वचा कोशिकाओं में सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधि को कम किया। शोधकर्ताओं के अनुसार, भविष्य में बुढ़ापा की रफ्तार कम करने में यह स्किन थेरेपी अप्रत्याशित स्रोत बन सकती है। वैज्ञानिकों ने शोध के दौरान पाया है कि शरीर खुद ऐसे अणु बनाता है, जिनमें प्राकृतिक एंटी एजिंग क्षमता होती है। खून में रहने वाले एक बैक्टीरिया के बनाए गए ये तीन शक्तिशाली अणु मानव त्वचा कोशिकाओं में सूजन और कोशिकाओं के नुकसान को कम करने में सक्षम पाए गए।

वैज्ञानिकों ने लंबे समय तक अध्ययन करने के बाद साल 2025 में खोजी नई प्रक्रिया



खून के विशेष अणुओं की गतिविधियों से जवां दिखने की स्थिति में आ जाएगी त्वचा

- मानव रक्त में पाए जाने वाले एक जीवाणु की प्रजाति से निकाले गए हैं खास यौगिक
- घटेगी कोशिकाओं में सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधि

सेहत के राज खोलेंगे बुढ़ापा और सूक्ष्मजीव रोधी प्रभाव वाले गुणों से युक्त मेटाबोलाइट्स

आगे अभी और रिसर्च की जरूरत

इस शोध को और आगे बढ़ाने की बात वैज्ञानिकों ने कही है। उनके सामने अभी भी यह पूरा स्पष्ट नहीं है कि खून में घूमने वाले बैक्टीरिया के उप-उत्पाद (मेटाबोलाइट्स) इंसानी सेहत पर कैसे असर डालते हैं। इनमें से इंडोल यौगिक खास तौर से अहम हैं क्योंकि यह बुढ़ापा रोधी, सूजन रोधी और सूक्ष्मजीव रोधी प्रभाव वाले गुण रखता है। शुरुआती परिणामों के आधार पर वैज्ञानिकों का कहना है कि ये नए इंडोल मेटाबोलाइट भविष्य में ऐसे इलाज विकसित करने में मदद कर सकते हैं, जो त्वचा पर उम्र बढ़ने के प्रभावों को कम करें।

इंदौर में दूषित पानी से अब तक 10 की मौत

INDORE : देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से अब तक 10 मौत हो चुकी हैं। 150 से ज्यादा लोग अस्पतालों में भर्ती हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए बुधवार शाम डॉ. मोहन यादव इंदौर पहुंचे। यहां अलग-अलग अस्पताल जाकर बीमार लोगों से मुलाकात की। मामले में हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने प्रदेश सरकार से 2 जनवरी तक स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। इंदौर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रितेश इंसानी ने बुधवार सुबह जनहित याचिका दायर कर शहर के नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की थी। इस पर कोर्ट ने त्वरित सुनवाई कर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। बुधवार को भागीरथपुरा में पांच माह के अव्यान साहू समेत 4 लोगों ने दम तोड़ा। अव्यान की मां का कहना है कि सरकार बच्चों की मौत क्यों नहीं बताती। निश्चित तौर पर और भी बच्चे दूषित पानी का शिकार हुए होंगे।

अगले एपिसोड में करना है 7 करोड़ के सवाल का सामना

'केबीसी-17' में ₹01 करोड़ जीते रांची के बिप्लब बिस्वास

फास्टेस्ट फिंगर्स फर्स्ट से अमिताभ बच्चन ने की खेल की शुरुआत

PHOTON NEWS RANCHI : अमिताभ बच्चन के शो कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) के सीजन-17 में रांची के बिप्लब बिस्वास ने 10 सवालों के सही जवाब देकर एक करोड़ रुपये जीत लिए। इसके साथ ही उन्होंने एक कार भी अपने नाम की है। हॉटसीट पर आने के बाद बिप्लब ने बिना किसी लाइफलाइन का उपयोग किए सही जवाब देकर 50 हजार रुपये जीत लिए। इसके बाद उन्होंने सुपर संदूक खेला और 10 सवालों का जवाब सही देकर एक करोड़ रुपये जीते। 7 करोड़ के सवाल का सामना बिप्लब को अगले एपिसोड में करना है। बिप्लब ने ऑडिएंस पोल की मदद से 12,50,000, फिर 50 लाख रुपये के सवाल का सही जवाब दिया। इसके बाद एक करोड़ रुपये का सवाल आया। उनसे पूछा गया कि उस जहाज का नाम क्या था, जिसने स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी को फ्रांस से अमेरिका पहुंचाया था।

बोकारो में घर से मिली एक ही परिवार के 3 लोगों की लाश

मृतक के परिजनों ने मकान मालिक पर लगाया प्रताड़ना का आरोप, लिया था कर्ज

PHOTON NEWS BOKARO : बोकारो जिले के हरला थाना क्षेत्र से दिल को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। यहां पांच नंबर स्ट्रीट के एक आउटहाउस में रहने वाले पति-पत्नी और बच्चे की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। घटना बुधवार को सामने आई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और तीनों का शव बरामद कर लिया।

पुलिस के मुताबिक, मृतकों में कुंदन तिवारी और उसकी पत्नी रेखा देवी के साथ उनका दो साल का बच्चा है। कुंदन तिवारी अपने परिवार से अलग किराए के घर में रहता था। इस घटना के बाद मृतक के परिजन जुटे। उन्होंने इन मौतों का कारण मकान मालिक को बताया। परिजनों ने पुलिस से कहा कि कुंदन तिवारी ने मकान मालिक से कर्ज ले रखा था और कर्ज चुकाने के बदले मकान मालिक उसे हर दिन प्रताड़ित करता था। फिलहाल पुलिस इस मामले में कुछ भी कहने से बच रही है. पुलिस सिर्फ अनुसंधान करने की बात कह रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि तीनों की मौत कैसे हुई। इसके बाद ही इस मामले में साक्ष्य एकत्र किए जाएंगे और अनुसंधान की दिशा तय होगी। कुंदन तिवारी, बांका, बिहार के निवासी थे। उनकी पत्नी रेखा देवी बोकारो जिले के ही टुपकाडीह की रहने वाली थी। दोनों ने प्रेम विवाह किया था।

घटना की सूचना मिलने पर घर के बाहर जुटी लोगों की भीड़

> मृतक परिवार पर काफी कर्ज था और आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। पुलिस की जांच और पूछताछ में जो तथ्य सामने आए हैं, उसमें प्रथम दृष्टया फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की गई होगी। फंदा लगाने से पहले बच्चे की हत्या की गई होगी। ऐसा लग रहा है कि बच्चे की मौत दम घुटने से हुई है। लेकिन, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा।
> – आलोक रंजन डीएसपी-सिटी


छापेमारी के दौरान शोरूम के बाहर मौजूद लोग

धनबाद के बरवाअड्डा में दूसरे दिन भी जारी रहा एसीबी का छापा

AGENCY DHANBAD : धनबाद के बरवाअड्डा थाना अंतर्गत काशीटांड़ स्थित मोटोजेन शोरूम और पंडुकी बरवाअड्डा स्थित एचएन मोटर्स भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की दूसरे दिन भी छापेमारी जारी है। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के एक मामले को लेकर की जा रही है। छापेमारी में रांची और धनबाद एसीबी की संयुक्त टीम शामिल है। सूत्रों के अनुसार, एसीबी की टीम ने शोरूम से जुड़े दस्तावेजों की गहन जांच कर रही है। मौके पर मौजूद कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है, वहीं वित्तीय लेन-देन से संबंधित कागजात भी खंगाले जा रहे हैं। छापेमारी के दौरान शोरूम परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। एसीबी ने मंगलवार को स्निग्धा सिंह के नियंत्रण वाली टाटा मोटर्स व महिंद्रा से जुड़े छह शोरूम में छापेमारी की। जो बुधवार को भी जारी है।

सूत्रों के अनुसार इन शोरूम की निदेशक स्निग्धा सिंह हैं, जो आय से अधिक संपत्ति मामले में आरोपी है। स्निग्धा सिंह आइएएस विनय कुमार चौबे के सहयोगी विनय सिंह की पत्नी हैं। इस केस में स्निग्धा सिंह अभी फरार चल रही हैं।

बता दें कि आय से अधिक संपत्ति के मामले में मंगलवार की देर शाम धनबाद सहित राज्य में सात स्थानों पर एसीबी ने एक साथ छापेमारी की है।

BRIEF NEWS

प्रमंडलीय आयुक्त व अवर सचिव हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई

HAZARIBAG : राज्य प्रशासन में सेवा देने वाले प्रमंडलीय आयुक्त (उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल) पवन कुमार तथा अवर सचिव राकेश कुमार सेवानिवृत हो गए। इस अवसर पर बुधवार को प्रमंडलीय कार्यालय के सभा कक्ष में दोनों अधिकारियों को भावभीनी विदाई दी गई। सम्मान समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों अधिकारियों के प्रशासनिक जीवन, नेतृत्व क्षमता तथा जनहित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि दोनों अधिकारियों का सेवाकाल ईमानदारी, अनुशासन एवं संवेदनशील प्रशासन का आदर्श उदाहरण रहा है।

चोरी का सामान खपाने वाला गिरफ्तार

GODDA : गोड्डा जिला के मेहरमा थाना क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मेहरमा थाना अंतर्गत चोरी की घटित विभिन्न घटनाओं में सलिप्त व्यक्ति मो. असगर को गिरफ्ता किया गया है। उस पर अपने घर में चोरी गए सामानों को रखने की सूचना मिली थी। इस पर एसपी ने विशेष छापामारी दल का गठन किया। टीम ने मो. असगर से पूछताछ की तो, उसने बताया कि वह अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर गोड्डा जिला के मेहरमा थाना अंतर्गत दुकान, स्कूल एवं पंचायत भवन से सामानों की चोरी करता है।

इसे बिहार के भागलपुर जिला में ले जाकर बेचते थे। कुछ सामान अपनी जरूरत के लिए रख लेते थे। उसने बताया कि वे लोग ग्रुप बनाकर अपने पास एक टाटा सुमो वाहन का उपयोग कर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। उसकी निशानदेही पर विभिन्न कांडों में चोरी गए विभिन्न सामानों, कांड में उपयोग में लाया गया वाहन एवं कांड कारित करने के लिए उपयोग में लाए गए सामान बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त मो. असगर (40) मिर्जागांव थाना ईशीपुर बाराहाट जिला भागलपुर (बिहार) का रहने वाला है।

धनबाद में पिकअप वैन व ट्रक की आमने सामने हुई टक्कर, तीन की हालत नाजुक

AGENCY DHANBAD : गोविंदपुर से बलियापुर जाने वाले मुख्य मार्ग पर जंगलपुर के समीप बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। कोलकाता से माल लेकर गोविंदपुर की ओर जा रही एक पिकअप वैन की सामने से आ रहे एक ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में पिकअप वैन सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायल के परिजन निसार अहमद ने बताया कि ट्रक गलत दिशा से आ रहा था। इसी दौरान पिकअप वैन का संतुलन बिगड़ गया और दोनों वाहनों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वैन में केक, बिस्कुट सहित अन्य खाद्य सामग्री लदी हुई थी, जिसे गोविंदपुर के बैरियो मोड़ तक पहुंचाया जाना था। घायलों में 18 वर्षीय सदमन अंसारी शामिल हैं, जो निरसा थाना क्षेत्र के अंसार महाल, निरसा का निवासी हैं। सदमन निरसा से पिकअप वैन में सवार हुआ था और डिलीवरी के लिए गोविंदपुर जा रहा था। हादसे में उनका पैर टूट गया है। वहीं एस.के. मैहर अली और रकीबुल, दोनों कोलकाता के निवासी बताए जा रहे हैं, जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, कोलकाता से दो व्यक्ति पिकअप वैन में माल लेकर निरसा तक आए थे, जिसके बाद सदमन अंसारी वहां से वाहन में सवार हुए और सभी गोविंदपुर की ओर रवाना हुए थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

अस्पताल में एंबुलेंस से घायलों को उतारते स्वास्थ्य कर्मी

कंटेनर ने अधिवक्ता की पत्नी को कुचला, मौत

DHANBAD : निरसा सिनेमा मोड़ के समीप बुधवार को एनएच-19 पर कंटेनर ने स्कूटी सवार दंपती को कुचल दिया, जिससे अधिवक्ता अमूल्य रत्न दत्ता की पत्नी आनंदिता दत्ता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में पति को भी गंभीर चोट लगी है। अमूल्य रत्न दत्ता बंगाल स्थित आसनसोल न्यायालय में अधिवक्ता हैं। दोपहर में हुई इस घटना में स्कूटी को धक्का मारने वाला कंटेनर मौके से भाग गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए धनबाद भेज दिया। बताया जाता है कि अधिवक्ता अपनी पत्नी के साथ बोकारो स्थित अपने ससुराल से कुल्टी लौट रहे थे। इसी दौरान निरसा सिनेमा मोड़ के समीप पीछे से आ रहे कंटेनर ने उनकी स्कूटी को धक्का मार दिया। धक्का लगते ही स्कूटी पर पीछे बैठी आनंदिता दत्ता बीच सड़क पर गिर पड़ी और कंटेनर उसे कुचलते हुए गुजर गया। इस दुर्घटना में आनंदिता का शव क्षत-विक्षत हो गया।

सड़क हादसे में बाइक चालक की गई जान

GIRIDIH : जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में बराकार जैन मंदिर के समीप हुए सड़क हादसे में बाइक चालक सुरेश वर्मा (50) की मौत हो गई। वह गिरिडीह के कुम्हरलालो का रहने वाले थे।

घटना को लेकर मृतक के पुत्र सोनु कुमार ने बताया कि मंगलवार रात में पिता सुरेश वर्मा अपने एक मित्र के बीमार पुत्र को नवजीवन नर्सिंग होम से देखकर कर बाइक से वापस अपने घर कुम्हर लालो लौट रहे थे। इस दौरान देर रात करीब 11 बजे जैन मंदिर के निकट तेज रफ्तार से आ रहे वाहन चालक ने उनकी टक्कर मारकर फरार हो गया। मौके पर ही बाइक सवार की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बुधवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा ।

अज्ञात अपराधियों ने कोलियरी के कांटा घर में की फायरिंग

LATEHAR : सदर थाना क्षेत्र के तुबेद कोलयरी के कांटा घर के पास मंगलवार रात अपराधियों ने गोलीबारी की। अपराधियों ने इस दौरान तीन राउंड गोलियां चलाई। हालांकि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची, परंतु तब तक अपराधी वहां से फरार हो गए थे। डीएसपी अरविंद कुमार ने घटना की पुष्टि की है और कहा है कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार बीती रात एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो अपराधी कोलियरी के कांटा घर के पास पहुंचे और 2 से 3 फायरिंग की। इसके बाद अपराधी वहां से फरार हो गए। इधर फायरिंग की सूचना मिलने के बाद कोलियरी परिसर में अफरा तफरी मच गई। मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई। सूचना मिलने के बाद लातेहार डीएसपी अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन करते हुए अपराधियों को गिरफ्तारी के लिए छापेमारी आरंभ किया। हालांकि तब तक अपराधी वहां से फरार हो गए थे। डीएसपी ने कहा कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। इधर सोशल मीडिया के माध्यम से राहुल दुबे गैंग ने घटना की जिम्मेदारी ली है।

यहीं चली थी गोली

स्वास्थ्य मंत्री ने किया बराकर नदी पर पुल का शिलान्यास

JAMTARA : राज्य के स्वास्थ्य मंत्री व विधायक डॉ. इरफान अंसारी ने बुधवार को बराकर नदी पर बनने वाले पुल का शिलान्यास किया। इस पुल के बनने से धनबाद और जामताड़ा की दूरी कम हो जाएगी। चालना गांव में शिलान्यास के दौरान काफी संख्या में लोग जुटे थे। ढोल-नगाड़े बजाकर उन्होंने मंत्री का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में विधायक के पिता व गोड्डा के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी भी शामिल हुए। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य मंत्री ने इसे एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि पुल के बनने से धनबाद और इस क्षेत्र की दूरी कम हो जाएगी। इससे विकास के नए मार्ग खुल जाएंगे। ग्रामीणों में रोजगार के नए-नए अवसर आएंगे। यहां बता दें कि इस पुल के लिए ग्रामीणद लंबे समय से मांग कर रहे थे। पुल बनने से उनका बड़ा सपना साकार होगा। शिलान्यास के मौके पर पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने पुल निर्माण को बहुत बड़ी सौगात बताया। उन्होंने कहा कि इस पुल के बन जाने से इस क्षेत्र के ग्रामीणों को रोजगार के काफी अवसर मिलेंगे।

वेतन और सुविधाओं की मांग को लेकर हड़ताल पर गए जोमैटो कर्मी

AGENCY PALAMU : श्रम कानून के तहत वेतन, कमीशन सहित अन्य सुविधाओं की मांग को लेकर पलामू में काम करने वाले जोमैटो कर्मी दो दिनों तक हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया है। जोमैटो कर्मियों ने जनता मजदूर संघ, पलामू के तत्वावधान में अपनी मांगों को लेकर डीसी को ज्ञापन सौंपा। वहीं कर्मियों की हड़ताल से जिले में ऑनलाइन डिलीवरी का काम प्रभावित हुआ है। कर्मियों का नेतृत्व संघ के राकेश कुमार सिंह ने किया। उन्होंने जोमैटो कर्मियों की मांग को जायज बताया और श्रम कानून के तहत वेतन, कमीशन सहित अन्य सुविधाओं की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि जोमैटो कर्मियों से श्रम कानूनों के विपरीत कार्य कराया जा रहा है और उन्हें सम्मानजनक वेतन और कमीशन भी नहीं दिया जाता है, जबकि कंपनी इनके बूते करोड़ों रुपये कमाती है।

इधर, कर्मियों की मांगों में श्रम कानून के तहत मजदूरी निर्धारण, प्रत्येक राइडर का बीमा, यात्रा भत्ता, इंसेंटिव में बढ़ोतरी, रेस्टोरेंट वेटिंग टाइम भत्ता, जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल, कंपनी के पदाधिकारियों की ओर से श्रमिकों के साथ दुर्व्यवहार पर लगाम लगाने, 8 घंटे कार्य करने पर ओवर टाइम इंसेंटिव, कंपनी का कार्यालय मेदिनीनगर में स्थापित करने, जोमैटो श्रमिक मदन पासवान, दिलीप कुमार की पूर्व में हुई दुर्घटना का मुआवजा सहित 11 सूत्री मांगें शामिल हैं।

नारेबाजी करते कंपनी के कर्मचारी

प्रेरणा मुख्यमंत्री पशुधन योजना से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आत्मनिर्भर बने डेयरी किसान

बड़कागांव के अरुण कुमार बने ग्रामीण उद्यमिता के प्रेरक मॉडल

PHOTON NEWS HAZARIBAG : मुख्यमंत्री पशुधन योजना के सहयोग एवं हजारीबाग जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में गव्य विकास एवं नवीकरणीय ऊर्जा से संबंधित योजनाओं का सकारात्मक प्रभाव अब जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। बड़कागांव प्रखंड के गुरचट्टी गांव निवासी अरुण कुमार ने सरकारी सहयोग, आधुनिक तकनीक और नवाचार के माध्यम से अपने डेयरी व्यवसाय को सफल उद्यम में परिवर्तित कर ग्रामीण आत्मनिर्भरता की मिसाल प्रस्तुत की है।

अरुण कुमार ने राज्य सरकार की सहायता से मात्र 5 गायों के साथ डेयरी व्यवसाय की शुरूआत की थी। गव्य विकास विभाग एवं जिला प्रशासन से प्राप्त तकनीकी मार्गदर्शन के फलस्वरूप आज उनका सीता डेयरी फार्म 18 गायों के साथ सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। वर्तमान में फार्म से प्रतिदिन लगभग 185 लीटर दूध का उत्पादन किया जा रहा है, जिसकी आपूर्ति स्थानीय मिल्क कलेक्शन सेंटर, होटल एवं विद्यालयों में की जाती है।

अरुण कुमार ने क्रॉस बीड की होल्सटीन फ्रीजियन गाय से शुरूआत की, उसके बाद समय के साथ साहीवाल, गिर और देसी गायों पर ज्यादा फोकस किया, क्योंकि होल्सटीन फ्रीजियन गाय भारतीय वातावरण में ज्यादा बीमार पड़ती थी।

डेयरी को उन्नत एवं लाभकारी बनाने के उद्देश्य से उन्होंने पूर्व में काऊ रबर मैट का उपयोग प्रारंभ किया, जिससे पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार हुआ। इसके साथ ही मिल्किंग मशीन की स्थापना से दूध दुहने की प्रक्रिया अधिक स्वच्छ एवं सुगम हुई तथा उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई।

राज्य सरकार की नवीकरणीय ऊर्जा नीति से प्रेरित होकर उन्होंने 3 किलोवाट का सोलर पावर प्लांट स्थापित किया, जिससे बिजली की समस्या से स्थायी समाधान मिला। इसके साथ ही 100 लीटर क्षमता का सोलर वाटर हीटर भी लगाया, जिससे पूरे वर्ष गर्म पानी की सुविधा उपलब्ध हो सकी। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन से 2 घन मीटर का बायोगैस प्लांट स्थापित किया गया। बायोगैस से स्वच्छ ईंधन के साथ-साथ जैविक खाद प्राप्त होने लगी, जिसका उपयोग अजोला, नेपियर घास, बरसीम, मक्का एवं सूडान घास जैसी चारा फसलों की खेती में किया गया। इससे पशुओं के पोषण स्तर में सुधार हुआ और उत्पादन लागत में कमी आई।

पनीर व मिठाई भी कर रहे सप्लाई

अरुण कुमार दूध से पनीर एवं मिठाई बनाकर होम डिलीवरी के माध्यम से आपूर्ति कर एवं वर्मी कंपोस्ट का बेड बनाकर किसानों को ऑर्गेनिक उर्वरक मुहैया कराते हैं, जिससे अतिरिक्त आय भी प्राप्त होता है।

हजारीबाग के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने कहा कि अरुण कुमार की सफलता यह प्रमाणित करती है कि राज्य सरकार की योजनाओं और जिला प्रशासन के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया जा सकता है। उनकी डेयरी इकाई अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायी मॉडल है। जिला प्रशासन ऐसे प्रगतिशील किसानों को हरसंभव सहयोग प्रदान करता रहेगा।

अपनी डेयरी में उपस्थित अरुण कुमार ● फोटोन न्यूज

बेटा बना इंजीनियर, खोली कंपनी

बड़कागांव निवासी अरुण कुमार का कहना है कि डेयरी फॉर्म की मदद से परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी है। डेयरी फॉर्म की मदद से बड़ी बेटी की शादी अच्छे घराने में हुई है तथा बेटा को इंजीनियरिंग की पढ़ाई दिल्ली से कराई। आज अरुण कुमार का बेटा दिल्ली में सिग्मा पावर टेक प्राइवेट लिमिटेड के नाम से अपनी खुद की कंपनी चला रहा है। अरुण कुमार का डेयरी फार्म आज न केवल एक सफल उद्यम है, बल्कि जिले के अन्य किसानों को आधुनिक तकनीक, नवीकरणीय ऊर्जा और वैज्ञानिक पशुपालन अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है।

ससुराल आए युवक का फंदे पर लटका मिला शव

PALAMU : जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के बरांव गांव के चढनवा टोला में ससुराल आए गढवा के युवक का शव बुधवार को फंदे पर लटकता हुआ बरामद किया गया। दो माह पहले उसने प्रेम विवाह किया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया। एमएमसीएच में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या कर घटना को आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगाया है। युवक की पहचान गढवा के मेराल थाना क्षेत्र के हसनदाग कजरात निवासी रामसुंदर चौधरी (25) के रूप में हुई है। मृतक के पिता बलराम चौधरी के अनुसार इसी वर्ष दशहरा के समय रामसुंदर ने बरांव के चढनवा टोला की रानी कुमारी के साथ प्रेम विवाह किया था। ससुराल पक्ष के लोग इस शादी के खिलाफ थे। शादी के बाद से लड़की मायके में थी। लड़की की मां मानती देवी, उसकी बहन और एक अन्य लड़की को लेने के लिए सोमवार को हसनदाग कजरात गांव आए थे। ससुराल वालों ने धमकी दी थी कि अगर लड़का ससुराल आयेगा तो वापस नहीं जा पायेगा। अगले दिन मंगलवार को रामसुंदर पत्नी को लेने के लिए बरांव के चढनवा टोला आया था। रात तक घरवालों ने उससे बातचीत की थी, जबकि दूसरे दिन बुधवार को सुबह में रानी की मां ने बताया कि रामसुंदर ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली है। वहीं रामसुंदर के पिता ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष के लोगों ने रामसुंदर की गला दबाकर हत्या करने के बाद उसके शव को कमरे में साड़ी के फंदे से टांग दिया। पिता का कहना है कि शव को उसके सामने फंदे से उतारा गया। देखने से नहीं लगता था कि रामसुंदर ने फांसी लगायी है।

राजधानी में जमकर थिरकने को तैयार है नए साल के जश्न की जवानी

PHOTON NEWS RANCHI : गुरुवार को झारखंड की राजधानी रांची नव वर्ष 2026 का स्वागत करने और इसके जश्न में डूबने के लिए पूरी तरह तैयार हो चुकी है। तैयारी बता रही है कि राजधानी में नए साल के जश्न की जवानी जमकर थिरकेगी। शहर से लेकर आसपास के पर्यटन स्थलों पर उत्साह और उमंग का माहौल है। सर्द मौसम, चारों ओर फैली हरियाली और झरनों की खूबसूरती के बीच रांची इस समय किसी हिल स्टेशन से कम नहीं लग रही है। पिछले कई दिनों से रांची और आसपास के इलाकों में न्यूनतम तापमान लगातार 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। ठंडी हवाएं, कोहरे की हल्की चादर और सुबह-शाम की ठिठुरन ने मौसम को और भी रोमांचक बना दिया है। युवा वर्ग और परिवार नव वर्ष का जश्न मनाने के लिए सर्द रांची को प्राथमिकता दे रहे हैं। यही वजह है कि इस बार बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा से काफी संख्या में पर्यटक छुट्टियां मनाने रांची पहुंच चुके हैं। शहर के 90 प्रतिशत होटलों में रूम खाली नहीं है।

शहर से लेकर आसपास के पर्यटन स्थलों पर उत्साह और उमंग का दिख रहा माहौल

- कड़ाके की ठंड में भी जोश में सैलानी, 5 दिनों तक फॉल और डैमों पर जुटेंगे लाखों लोग
- पहाड़ी इलाकों और झरनों की खूबसूरती के बीच बने हैं पिकनिक स्पॉट्स
- जिला प्रशासन ने किए हैं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम अतिरिक्त पुलिस बल तैनात
- बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा से भी बड़ी संख्या में छुट्टियां मनाने पहुंचे हैं पर्यटक

चिह्नित किए गए हैं डेंजर प्वाइंट्स

इधर, रांची शहर से लेकर आसपास के सभी पर्यटन स्थल सज-धज कर पूरी तरह तैयार है। दशम फॉल, हुंडरू फॉल, जोन्हा फॉल, पतरातू घाटी, रॉक गार्डन, बिरसा जैविक उद्यान, धुर्वा, गेतलसूद, कांके डैम सैलानियों के स्वागत के लिए तैयार हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, अगले पांच दिन इन पर्यटन स्थलों पर लाखों सैलानियों के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। सभी प्रमुख फॉल और पिकनिक स्पॉट पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। सुरक्षा की दृष्टि से डेंजर प्वाइंट चिन्हित कर बैरिकेडिंग की गई है और इन क्षेत्रों से आगे जाने पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। इसके अलावा गोताखोरों और आपदा प्रबंधन टीमों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। अगर आप भी पर्यटन स्थलों पर जा रहे हैं तो कुछ बातों को ध्यान जरूर रखें।

अनगड़ा का हुंडरू फॉल

अनगड़ा में हुंडरू फॉल स्थित है। पानी का प्रवाह पिछले माह से कुछ कम है। लेकिन पर्यटकों की भीड़ पिछले पांच दिनों से उमड़ रही है। फॉल तक जाने के लिए चौड़ी सड़क है। यह सबसे ऊंचा झरना है। यह स्वर्णरेखा नदी पर करीब 320 फीट (98 मीटर) की ऊँचाई से गिरता है, यहां की प्राकृतिक सुंदरता, घने जंगल, चट्टानें और नीचे बना पूल पर्यटकों को रोमांच व सुकून देता है। 1 जनवरी को काफी भीड़ होगी। इस वजह से वाहनों की कतार से सड़क जाम की समस्या हो सकती है। सुरक्षित चिन्हित स्थल पर ही वाहन लगाएं। डेंजर जोन के आगे सेल्फी लेने या नहाने न जाएं और किसी सदस्य को भी नहीं जाने दें।

बुंडू स्थित दशम फॉल

बुंडू स्थित दशम फॉल तैमारा गांव के पास स्थित है। इसकी मनोरम छटा बच्चे से लेकर बुजुर्गों को काफी लुभाती है। चारों ओर जंगल में घिरे इस फॉल तक पहुंचने के लिए रांची-टाटा हाईवे और तुपुदाना से जाया जा सकता है। रांची से इसकी दूरी करीब 40 किमी है। रांची-टाटा मार्ग पर तैमारा गांव के पास स्थित है, जो कांची नदी के 144 फीट (44 मीटर) की ऊँचाई से गिरने के कारण बनता है, और इसकी खासियत यह है कि यहाँ 10 जलधाराएं एक साथ गिरती दिखती हैं। फॉल के ऊपरी क्षेत्र में जाने से बचें, क्योंकि यहां फिसलन तेज है। ऐसे में बड़ी दुर्घटना हो सकती है। फॉल से पहले ही सुरक्षित स्थान पर अपने वाहन लगाएं, क्योंकि, सिंगल रोड होने की वजह से जाम लग सकता है।

जोन्हा फॉल में प्राचीन बौद्ध मंदिर

जोन्हा फॉल में बौद्ध धर्म के कई अवशेष मौजूद हैं। जोन्हा फॉल की पहाड़ी पर भगवान गौतम बुद्ध का एक प्राचीन मंदिर है। पर्यटक मित्र धनंजय का कहना है कि कि इस मंदिर का निर्माण सैकड़ों साल पहले राजा बलदेव दास बिड़ला ने करवाया था। इसके बाद जोन्हा फॉल का नाम गौतमधारा दिया गया यहां तक जाने के लिए सड़क बनी है, लेकिन वाहनों की पार्किंग दूर में करें, ताकि निकलने में दिक्कत न हो। फॉल के चट्टानों पर काफी फिसलन है। इसलिए डेंजर जोन की घेराबंदी से आगे जाने से बचें। पर्यटन मित्र की सलाह को नजरअंदाज न करें, क्योंकि फॉल की गहराई काफी अधिक है। खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड में स्थित पेरवा घाघ जलप्रपात इन दिनों प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है। यहाँ बांस के आकर्षक काटेज, सुरक्षित सीढ़ियां और वाच टावर बनाए गए हैं। वहीं, तजना नदी पर स्थित रानी फाल और पांच जलधाराओं के संगम पंचघाघ में भी फरवरी तक पर्यटकों की भारी भीड़ रहने की उम्मीद है।

BRIEF NEWS

नहीं रहे डिंबुडीह के ग्राम प्रधान नारायण सिंह मुंडा

RANCHI : तमाड़ क्षेत्र के डिंबुडीह के ग्राम प्रधान नारायण सिंह मुंडा का बुधवार को उनके पैतृक गांव में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे सरल, मिलनसार और हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति थे। हमेशा अपने दायित्वों के निर्वहन में सक्रिय रहते थे। उनके निधन से तमाड़ प्रखंड सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र में शोक की लहर है। इस अवसर पर मानकी जगन्नाथ सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष यदु गोपाल सिंह मुंडा, लक्ष्मण सिंह मुंडा सहित सैकड़ों ग्राम प्रधान, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और सामाजिक कार्यकताओं ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।

सिल्ली में सात तस्कर गिरफ्तार, 56 मवेशी जब्त

RANCHI : सिल्ली पुलिस ने जयनगर टांड़ के पास सात गो तस्करों को गिरफ्तार कर 56 मवेशियों को जब्त कर लिया। पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि तस्कर श्यामनगर क्षेत्र से गो-तस्करी करते हुए नदी पारकर पश्चिम बंगाल की ओर जाते हैं। इसके बाद पुलिस ने गश्ती के दौरान जयनगर टांड़ के पास से सात तस्करों को 56 मवेशियों को ले जाते देखा। ये सभी मवेशियों को पैदल पश्चिम बंगाल की ओर ले जा रहे थे। थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि सभी मवेशियों को स्कूल मैदान में रखा गया है।

सभी संवेदनशील स्थानों पर सेफ्टी मानकों की शुरू कर दी गई सख्त जांच

आपात स्थिति से निपटने को लेकर फायर ब्रिगेड अलर्ट, बढ़ी निगरानी

PHOTON NEWS RANCHI : गुरुवार को नए साल के पहले दिन के कार्यक्रमों को देखते हुए राजधानी रांची सहित झारखंड के अन्य शहरों में भी एक दिन पहले बुधवार से ही जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा की तैयारी के साथ अग्निशमन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में है। सभी दमकल वाहनों को आवश्यक साजो-सामान के साथ तैयार कर लिया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। हाल ही में गोवा में हुए भीषण नाइटक्लब अग्निकांड के बाद रांची जिला प्रशासन और अग्निशमन विभाग ने संवेदनशील स्थानों पर फायर सेफ्टी मानकों की सख्त जांच शुरू की है। प्रशासन ने शहर के करीब 100 लाइसेंसी बार और दर्जनों डिस्को क्लबों की सूची तैयार की है, जहां नए साल की रात बड़ी भीड़ जुटने की संभावना है। अग्निशमन विभाग के अनुसार, कई स्थानों पर केवल एक ही निकास द्वार (एग्जिट गेट) पाया गया है, जो आपात स्थिति में खतरा बढ़ा सकता है। ऐसे प्रतिष्ठानों को विशेष निगरानी सूची में शामिल किया गया है, ताकि संभावित हादसे से पहले सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की जा सके।

आपातकालीन निकास द्वार को रखें खुला, ताकि दुर्घटनाओं से निपटने में मिले मदद

सावधानी के साथ विद्युत उपकरणों का सही तरीके से उपयोग करने की लोगों से अपील

रांची, जमशेदपुर, धनबाद और बोकारो में सेफ्टी उपकरणों की हुई जांच

नियमों की अनदेखी करने पर होगी कार्रवाई

अधिकारियों का कहना है कि जागरूकता और सावधानी ही आगजनी जैसे हादसों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। वहीं, नियमों की अनदेखी करने वालों की पहचान कर उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि किसी अनहोनी की संभावना न रहे। अब जबकि राज्य भर में नए साल का जश्न मनाने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं, सुरक्षा व्यवस्था पर पूरा फोकस किया गया है।

सुरक्षा उपकरणों में कमी को लेकर नोटिस जारी

बुधवार को स्टेट फायर ऑफिसर झारखंड जितेंद्र तिवारी ने बताया, पिछले वर्ष जनजागरूकता कार्यक्रमों के कारण आगजनी की घटनाओं में कमी आई थी। इस बार भी अगर लोग थोड़ी सावधानी बरतें, जैसे विद्युत उपकरणों का सही उपयोग और आपातकालीन रास्तों को खुला रखना, तो दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि विभाग अलर्ट मोड में है और जिला प्रशासन के साथ समन्वय से लगातार जांच अभियान चला रहा है। रांची के अलावा जमशेदपुर, धनबाद और बोकारो में भी होटल, बार और क्लबों में फायर सेफ्टी उपकरणों की जांच की गई। जहां आवश्यक सुधार नहीं मिले, वहां नोटिस जारी किए गए हैं। अग्निशमन विभाग ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी स्थान पर ओवरक्राउडिंग, शॉर्ट सर्किट या गैस लीकेज जैसी स्थिति दिखने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 101 पर सूचना दें।

NEWS BOX

प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र सेवानिवृत्त

RANCHI : प्रमंडलीय आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर अंजनी कुमार मिश्र बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस दौरान विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री भी शामिल हुए और अंजनी कुमार मिश्र को उनके उत्कृष्ट प्रशासनिक योगदान के लिए हार्दिक धन्यवाद व ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। समारोह में उपस्थित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों तथा गणमान्य नागरिकों ने भी उनके लंबे प्रशासनिक करियर की सराहना की। आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के रूप में वर्षों तक कुशलतापूर्वक कार्य किया। उनके कार्यकाल में प्रमंडल के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और विधि-व्यवस्था के रखरखाव में महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने समारोह को संबोधित करते हुए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य की सेवा करना उनके लिए गौरव की बात रही। उन्होंने नवागत अधिकारियों को प्रमंडल के विकास और जनता की सेवा में निरंतर समर्पित रहने की सलाह दी। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि अंजनी कुमार मिश्र का प्रशासनिक अनुभव और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। उनके मार्गदर्शन में प्रमंडल ने कई उपलब्धियां हासिल कीं। सेवानिवृत्ति के पश्चात उनके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना करता हूं। प्रमंडलीय आयुक्त को स्मृति चिन्ह, शॉल तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यालय के सचिव आलोक कुमार, उप निदेशक संजीव कुमार, अपर समाहर्ता (उड़नदस्ता) हरिवंश पंडित, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, आयुक्त के आप्त सचिव अमरेंद्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आंचल आश्रम में बच्चों के साथ गोष्ठी का आयोजन

RANCHI : अक्षय सोना समाधान फाउंडेशन शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। इस क्रम में फाउंडेशन के द्वारा आंचल आश्रम रांची झारखंड में बच्चों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में उनके बीच शिक्षा का अलख जगाने के संबंध में प्रकाश डाला गया। डॉक्टर श्रीमाली सुमी के द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के समय फाउंडेशन के निदेशक डॉ सुनीता कुमारी और शंकर यादव उपस्थित रहे। फाउंडेशन की ओर से आंचल आश्रम को आर्थिक मदद भी दिया गया। डॉ सुनीता ने वहां रह रहे बच्चों को स्टेशनरी का सामान वितरित किया। वहीं बच्चों को खुद को बहुत मजबूत बनाने के साथ मन लगाकर पढ़ाई के लिये प्रेरित किया। आंचल आश्रम के संचालक को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया गया।

मुख्यमंत्री से डीजीपी तदाशा मिश्रा की शिष्टाचार भेंट

RANCHI : कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें पुलिस महानिदेशक सह पुलिस महानिरीक्षक के पद पर नियुक्ति और पदस्थापन के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। भेंट के दौरान राज्य की कानून व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा और पुलिस प्रशासन से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी संक्षिप्त चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए राज्य की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की कामना की।

संदेहास्पद स्थिति में गार्ड का शव बरामद

RANCHI : बुधवार को रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित सुप्रभात अपार्टमेंट से संदेहास्पद स्थिति में एक व्यक्ति के शव को पुलिस ने बरामद किया है। अपार्टमेंट के बाथरूम में उसका शव फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। मृतक के मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था। मृतक की पहचान अपार्टमेंट में तैनात गार्ड प्रकाश लोहरा के रूप में की गई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस इस मामले में हत्या और खुदकुशी दोनों पहलू से जांच कर रही हैं। पुलिस को मृतक के मोबाइल फोन के वॉलपेपर में एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें सॉरी पापा लिखा हुआ हैं। मोबाइल फोन को जब्त कर लिया गया है और उसकी तकनीकी जांच की जा रही हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) को बुलाकर जांच पड़ताल की जा रही है। थाना प्रभारी दीपिका ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

ओडिशा के रायगढ़ा से लाया गया था झारखंड

आरपीएफ ने गांजा के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार, 13 किलो मादक पदार्थ जब्त

PHOTON NEWS RANCHI : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) मुरी एवं आरपीएफ फ्लाइंग टीम रांची की संयुक्त चेकिंग में ट्रेन संख्या 13352 एक्सप्रेस (अल्लेप्पी-धनबाद) के सामान्य कोच से 13 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। संदिग्ध अवस्था में बैठे व्यक्ति की पहचान मोहम्मद अरमान अंसारी (32 वर्ष) के रूप में हुई। आरपीएफ पोस्ट मुरी से उपनिरीक्षक पवन कुमार ने बुधवार को बताया कि कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर मुरी रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म-1 पर अभियान चलाया गया। उन्होंने

बताया कि सामान्य कोच की जांच के दौरान एक व्यक्ति दो बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में बैठा पाया गया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम मोहम्मद अरमान अंसारी (32) बताया। इस संबंध में सूचना सहायक सुरक्षा आयुक्त/आरपीएफ, रांची को दी गई, जो मौके पर पहुंचे और सभी कानूनी औपचारिकताओं का पालन करते हुए बैगों की तलाशी ली गई, जिसमें दोनों बैग से गांजा जैसे पदार्थ के कुल पांच पैकेट, एक मोबाइल फोन तथा एक सामान्य श्रेणी का रेलवे टिकट बरामद किया गया। बरामद पदार्थ की जांच डीडी किट से करने पर गांजा पाया गया। आगे की पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उक्त गांजा ओडिशा के रायगढ़ा से लाया गया था तथा इसे अवैध रूप से झारखंड ले जाकर बेचने की योजना थी।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक ने की तैयारियों की समीक्षा

6-10 जनवरी तक लगेगा स्वास्थ्य मेला, 264 प्रखंडों में की जाएगी मुफ्त जांच और इलाज

PHOTON NEWS RANCHI : राज्य में 6 से 10 जनवरी 2026 तक प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। यह मेला राज्य के 264 प्रखंडों में सीएचसी और पीएचसी स्तर पर लगाया जाएगा। इसे लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के साथ तैयारियों की समीक्षा की। अभियान निदेशक ने बताया कि मेले के दौरान टीबी, मलेरिया, परिवार नियोजन सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही लोगों की मुफ्त जांच और

दवा का वितरण किया जाएगा। मेले में आयुष्मान कार्ड और आभा कार्ड बनाए जाएंगे और पात्र लाभुकों को वितरित किए जाएंगे। आयुष पद्धति से जुड़ी जानकारी भी लोगों को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मेले में बीपी और शुगर की जांच, आंखों की जांच और जरूरतमंदों को चश्मा वितरण की व्यवस्था रहेगी। सभी कैंप में सिकल सेल स्क्रीनिंग और ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाए जाएंगे। स्वास्थ्य केंद्रों की उचित ब्रांडिंग करने और विभिन्न सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री को प्रदर्शित करने का निर्देश भी दिया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के सभागार से आयोजित की गई।

'जी राम जी' योजना के समर्थन में मंडल स्तर पर अभियान चलाएगी भाजपा : आदित्य

RANCHI : भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने कांग्रेस पार्टी पर 'वीबी जी राम जी' योजना को लेकर दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गांव, गरीब और किसान विरोधी मानसिकता के कारण इस योजना का विरोध कर रही है। आदित्य साहू ने कहा कि मनरेगा में लंबे समय से फर्जीवाड़ा और भ्रष्टाचार व्याप्त रहा है। कई सुधार प्रयासों के बावजूद स्थिति में अपेक्षित बदलाव नहीं आया। इसी पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने विकसित भारत 2047 के संकल्पों को साकार करने के लिए विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण), जिसे जी राम जी योजना कहा जा रहा है, लागू करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि मनरेगा भ्रष्टाचार और लूट का केंद्र बन गया था। झारखंड सहित कई राज्यों में बड़े पैमाने पर घोटाले सामने आए। खूंटी जिले में 24 करोड़ रुपये के गबन के मामले में एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को जेल जाना पड़ा।

बड़ी पहल झारखंड शिक्षा विभाग के स्कूल सर्वे 'डहर 2.0' में जोड़ा गया कॉलम

अब आदिवासी समुदाय के बच्चों को मिल सकेगी अपनी पहचान

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में अब आदिवासी समुदाय के बच्चों को अपनी पहचान स्थापित होने का रास्ता साफ हो गया है। झारखंड शिक्षा विभाग द्वारा संचालित स्कूल सर्वे डहर 2.0 में एक अहम और लंबे समय से उठाई जा रही मांग पर बदलाव कर दिया गया है। केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त पहल के तहत चल रहे डहर (डिजिटल हैबिटेशन मैपिंग एंड रियल-टाइम मॉनिटरिंग) सर्वे 2.0 में शिक्षा विभाग ने अहम बदलाव करते हुए धर्म कॉलम में अन्य का विकल्प जोड़ दिया है। इस संशोधन के बाद ऐसे आदिवासी बच्चे जो हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन या बौद्ध धर्म से स्वयं को नहीं जोड़ते, वैसे लोग अब सरना या आदिवासी धर्म के रूप में अपनी पहचान दर्ज करा सकेंगे। इससे पहले इस कॉलम में केवल कुछ प्रमुख धर्मों के नाम ही शामिल थे, जिसके कारण आदिवासी समुदायों और परंपरागत धार्मिक मान्यताओं से जुड़े बच्चों की धार्मिक पहचान दर्ज नहीं हो पा रही थी। अब तक सर्वे प्रपत्र में केवल छह धर्मों के विकल्प होने के कारण आदिवासी समाज में नाराजगी देखी जा रही थी।

सरना या आदिवासी धर्म के रूप में दर्ज कराया जा सकता है अपना नाम

संशोधित प्रारूप के अनुसार प्रविष्टियां करने का स्कूलों को दिया गया निर्देश



दीर्घकालिक रूप से साबित होगा हितकारी

विभाग के अनुसार, यह कदम राज्य के लिए दीर्घकालिक रूप से हितकारी साबित होगा। आदिवासी नेताओं ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह मुद्दा आज का नहीं है। जातीय जनगणना से लेकर बच्चों की शिक्षा और ड्रॉपआउट जैसी समस्याओं को लेकर लंबे समय से आंदोलन होते रहे हैं। आदिवासी नेता प्रेम शाही मुंडा ने बताया कि वर्ष 2024 में पहली बार इस विषय को लेकर बड़ा आंदोलन हुआ था। इसके बाद लगातार विभिन्न सामाजिक और राज्यस्तरीय संगठनों ने इस मांग को उठाया, जिसका नतीजा अब सामने आया है।

लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखकर फैसला

विभिन्न जनजातीय संगठनों का कहना था कि इससे आदिवासी बच्चों की वास्तविक गणना प्रभावित हो रही है और उनकी धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान सरकारी आंकड़ों में दर्ज नहीं हो पा रही। लगातार उठती आपत्तियों और मांगों के बाद शिक्षा विभाग ने 11 दिसंबर 2025 से पोर्टल में अन्य कॉलम को सक्रिय कर दिया है। विभागीय स्तर पर स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि सर्वे के दौरान संशोधित प्रारूप के अनुसार प्रविष्टियां की जाएं। अब नए बदलाव के तहत बच्चे अपने धर्म के विकल्प में 'अन्य' चुन सकेंगे। इससे आदिवासी और परंपरागत धर्मों को भी आधिकारिक तौर पर सरकारी सर्वे में दर्ज किया जा सकेगा। शिक्षा विभाग का कहना है कि यह फैसला लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। साथ ही इसका उद्देश्य ड्रॉपआउट बच्चों की बेहतर पहचान करना और शिक्षा व्यवस्था को अधिक समावेशी बनाना है।

समाचार सार

सिंहभूम ब्लास्टर्स ने फाइटर्स को हराया

CHAIBASA : दिव्यांश यादव (13/3) की शानदार गेंदबाजी एवं गगन विक्रांत टोपनो की बेहतरीन बल्लेबाजी (नाबाद 37 रन) की

बदौलत सिंहभूम ब्लास्टर्स ने सिंहभूम फाइटर्स को आसान मुकाबले में सात विकेट से पराजित कर पूरे चार अंक हासिल किए। पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में सुशील कुमार सिंघानिया द्वारा प्रायोजित नथमल सिंघानिया जिला अंडर -16 क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत बुधवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सिंहभूम फाइटर्स की पूरी टीम 17.5 ओवर में मात्र 80 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिंहभूम ब्लास्टर्स की टीम ने 11.3 ओवर में मात्र तीन विकेट के नुकसान पर 81 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। नववर्ष पर विश्राम रहेगा। 2 जनवरी को प्रतियोगिता का अगला मैच सिंहभूम फाइटर्स और सिंहभूम टर्मिनेटर्स के बीच खेला जाएगा।

एसबीआई के पेंशनरों ने कराई बच्चों को पिकनिक

JAMSHEDPUR : स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पेंशनर्स एसोसिएशन ने

सोनारी स्थित निर्मल नगर बस्ती के स्कूली बच्चों को पिकनिक कराई। सुबह में बच्चों के बीच केला, टॉफी, बिस्किट आदि बांटे गए। इसके बाद बच्चों को पढ़ाई का महत्व बताया गया। दोपहर का भोजन देने के बाद पिकनिक समाप्त हुआ। इस दौरान सेवानिवृत्त अध्यापक डॉ. एम. रामकृष्ण राव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान एसोसिएशन के अशोक कुमार रजक, बीके सिन्हा, जेएम पॉल, नवीन चंद्र मातालिया, प्रबीर दत्ता, गोपाल रजक, महेंद्र महतो, केसी शाह, सुदीप बेरा, शुभ्रल राय व सुजाता नागराजन उपस्थित थे। बस्ती के सामाजिक कार्यकर्ता दुखु महतो का सहयोग मिला।

कचहरी बाबा मंदिर की मनी 35वीं वर्षगांठ

JAMSHEDPUR : साकची के पुराना कोर्ट परिसर स्थित श्रीश्री

चंद्रमौलेश्वर कचहरी बाबा मंदिर की 35वीं वर्षगांठ बुधवार को धूमधाम से मनाई गई। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने बताया कि 31 दिसंबर को प्रातः 9.30 बजे मंदिर से सैकड़ों माताएं-बहनें माथे पर कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल हुईं और स्वर्णरखा नदी तट से कलश में जल भरकर लौटीं। इससे बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। शोभायात्रा में बैंड- बाजे के साथ घोड़े भी थे। इसके बाद हरिनाम संकीर्तन हुआ, जिसका समापन गुरुवार को होगा। कीर्तन की पूर्णाहुति के बाद दोपहर में महाभंडारा होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार पाठक, महासचिव दिलीप कुमार जायसवाल, पं. जयकृष्ण झा, पं. राधा शंकर उपाध्याय, सचिव अमित कुमार, कोषाध्यक्ष नवनीत कुमार सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे।

अयोध्या के राम मंदिर की वर्षगांठ पर हुई पूजा-अर्चना

JAMSHEDPUR : अयोध्या के राम मंदिर की तीसरी वर्षगांठ पर

बुधवार को मानगो के उलीडीह में पूजा-अर्चना हुई। आशीर्वाद नगर में गणपति अम्बिका, वरुणकलश, नवग्रह, सौमात्रिका पूजन के बाद दीग रक्षण, रक्षाविधान के बाद शिव परिवार, राम दरबार व हनुमानजी का पूजन हुआ। सुबह 11 बजे से सामूहिक सुंदरकांड पाठ हुआ। इसी क्रम में हनुमान सेवा दल के सदस्यों ने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। अनुष्ठान में संयोजक पं. बिपिन कुमार झा, अध्यक्ष एके गिरी, सचिव रामाशंकर सिंह, उपसचिव रामशंकर झा, तरुण चौधरी, पं. सुधीर झा, विनय झा, गणेश चंद गोराई, केदार गोस्वामी आदि भी सक्रिय रहे।

डीसी ने दी सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई

JAMSHEDPUR : समाहरणालय सभागार में बुधवार को समारोह हुआ,

जिसमें डीसी कर्ण सत्यार्थी ने सेवानिवृत हुए पदाधिकारियों व कर्मचारियों को विदाई दी। सेवानिवृत होने वाले पदाधिकारी में अपर उपायुक्त भागीरथ प्रसाद, नाजिर दीपक साहा, आशुलिपिक उपेंद्र रजक, सुनील सेठी, अनुसेवी वंदना देवी, साबू देवी व थॉमस तिरू शामिल थे।

फेसबुक पर लिंक क्लिक कर फंसे अधिवक्ता, खाते से निकले 60 हजार

रुपये निकलने के बाद भी कम नहीं हुई परेशानी, ठग ने फोन करके धमकाया

PHOTON NEWS JSR : इस बार साइबर ठगी का सनसनीखेज मामला है, जिसमें एक अधिवक्ता ठगी के शिकार हो गए। जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय के समीप रहने वाले अधिवक्ता आदित्य राय ठगों के झांसे में आ गए। ठगों के बताए फेसबुक लिंक पर क्लिक करना उन्हें महंगा पड़ गया और देखते ही देखते उनके बैंक खाते से 60 हजार रुपये निकल गए।

अधिवक्ता ने इसकी लिखित शिकायत सीतारामडेरा थाना में दर्ज कराई है। पुलिस को दिए बयान में अधिवक्ता ने बताया कि मंगलवार 30 दिसंबर को वह अपने मोबाइल फोन पर फेसबुक चला रहे थे। इसी दौरान मोबाइल की स्क्रीन पर एक अनजान लिंक आया। उन्होंने जैसे ही उस पर क्लिक करते ही उनका मोबाइल फोन अचानक बंद हो गया। इससे वे परेशान हो गए। पहले काफी देर तक खुद ही मोबाइल फोन को चालू करने का प्रयास किया, लेकिन नाकाम रहे। काफी प्रयास के बावजूद फोन चालू नहीं हुआ, तो वे मोबाइल रिपेयर करने वाली दुकान पर गए। उन्होंने उसे पूरी बात बताई। दुकानदार ने किसी तरह रिपेयर करके मोबाइल ऑन कर दिया। जैसे ही मोबाइल फोन चालू हुआ, उनके मोबाइल पर बैंक खाते से रुपये कटने के मैसेज आने लगे। उनके बैंक खाते में कुल 60,211 रुपये जमा थे, जिसमें से ठगों ने 11 रुपये छोड़कर बाकी सारी रकम निकाल ली। ठगी की इस घटना से वह पूरी तरह हैरान रह गए। हालांकि, मामला यहीं खत्म नहीं हुआ। कुछ देर बाद उन्हें एक युवक का फोन आया, जिसने आदित्य राय पर ही उसके खाते से पैसे निकालने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रतीकात्मक तस्वीर

वाट्सएप मैसेज पर भी भेजे जा रहे लिंक

इस तरह का मामला शायद पहली बार आया है, जिसमें फेसबुक के माध्यम से इतनी बड़ी ठगी हुई है। अब तक वाट्सएप के माध्यम से साइबर ठग लिंक भेज रहे थे। इसमें ज्यादातर मैसेज बैंक खाते में जमा राशि काफी कम करके दिखाई जाती है, फिर उस पर प्वांट अर्जित करने के लिए कहा जाता है। यदि आपने लिंक पर क्लिक कर दिया, तो साइबर ठगों के जाल में फंसना तय है। साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि यदि एकाउंट बैलेंस से संबंधित कोई मैसेज आता है, तो कम से कम 20 मिनट तक अपने यूपीआई या बैंकिंग एप पर बैलेंस चेक नहीं करें। यदि आप ऐसा करते हैं, तो फंस सकते हैं। आधे घंटे बाद ही बैलेंस चेक करें।

आज मुख्यमंत्री आएंगे खरसावां, शहीदों को देंगे श्रद्धांजलि

SERAIKELA : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को खरसावां आएंगे। वे यहां एक जनवरी 1948 को खरसावां के हाट बाजार में हुए गोलीकांड की बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। इसके लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी और मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास से दोपहर 11.30 बजे प्रस्थान करेंगे। खरसावां में उनका हेलीकॉप्टर दोपहर 12.30 बजे अर्जुन स्टेडियम में बने हेलीपैड पर उतरेगा। यहां से मुख्यमंत्री सीधे शहीद केरसे मुंडा चौक पहुंचेंगे। वहां से दोपहर 1 बजे शहीद पार्क पहुंचेंगे। शहीद पार्क में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री दोपहर 2 बजे खरसावां के आरसीडी गेस्ट हाउस पहुंचेंगे। यहां लंच करने के बाद मुख्यमंत्री 2.55 बजे उनका हेलीकॉप्टर रांची के लिए रवाना होगा।

बेलाजुड़ी गांव के एनएच पर हादसा महिला की हुई मौत, पति घायल

PHOTON NEWS JSR : एमजीएम थाना क्षेत्र के बेलाजुड़ी गांव के पास एन एच 33 पर बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें बेलाजुड़ी गांव निवासी रविकांत विषई की पत्नी खुकु रानी विषई (55) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि रविकांत विषई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजन रोते-बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी नारगा स्थित बैंक ऑफ इंडिया से पैदल अपने घर बेलाजुड़ी लौट रहे थे। इसी दौरान घाटशिला से जमशेदपुर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार ऑल्टो कार ने पीछे से दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि खुकु रानी विषई ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि रविकांत विषई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर एमजीएम थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल रविकांत विषई को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जमशेदपुर के टाटा मेन अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों के अनुसार उनका दायां पैर टूट गया है। वहीं पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल भेज दिया। इस हादसे में बेटे फकीर विषई सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस दुर्घटना में शामिल वाहन की पहचान और चालक की तलाश में जुट गई है तथा मामले की जांच की जा रही है।

घटनास्थल पर जुटी भीड़ व घायल को ले जाती एंबुलेंस ● फोटोन न्यूज

महिला की पत्थर से कूचकर हत्या, दुष्कर्म की आशंका

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम के जिला मुख्यालय चाईबासा में सनसनीखेज घटना हुई है। मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ालगिया के पास 20 वर्षीया अज्ञात महिला की लाश बरामद हुई है। शव देखकर लोग आशंका जता रहे हैं कि महिला के साथ दुष्कर्म कर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से अपराधियों ने पत्थर से कूचकर हत्या कर दी होगी। पुलिस ने बताया कि महिला की पहचान की जा रही है। पुलिस ने महिला के शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम करने के बाद शीतगृह में रख दिया है। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर किसी को महिला के बारे में कोई जानकारी है, तो वह पुलिस को सूचित करे।

गेल इंडिया ने घटाए घरेलू पीएनजी व सीएनजी के दाम

JAMSHEDPUR : गेल (इंडिया) लिमिटेड ने पूर्वी सिंहभूम जिले में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क के तहत पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) और कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) के दामों में कटौती की घोषणा की है। घरेलू पीएनजी की कीमत 1 जनवरी से 1 रुपये प्रति एससीएम से घटाकर पूर्व दर 48.30 रुपये प्रति एससीएम में भी संशोधित कर 47.30 रुपये प्रति एससीएम कर दी गई है। सीएनजी उपभोक्ताओं के लिए भी राहत की घोषणा की गई है, जिसके तहत सीएनजी की कीमत में 1 रुपये प्रति किलोग्राम की कमी की गई है। पूर्व दर 90.58 रुपये प्रति किलोग्राम की तुलना में अब संशोधित दर 89.58 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है, जिससे सीएनजी उपभोक्ताओं की बचत और बढ़ेगी। वर्तमान में गेल पूर्वी सिंहभूम में कुल 14 सीएनजी स्टेशन का संचालन कर रही है, जहां प्रतिदिन 15,000 किलोग्राम से अधिक गैस की आपूर्ति की जाती है और 8,000 से अधिक सीएनजी चालित वाहनों की सेवा की जा रही है। गेल के महाप्रबंधक व जीए इंचार्ज गौरीशंकर मिश्रा ने बताया कि कदमा, सोनारी, रामनगर तथा टाटा स्टील कॉलोनियों सहित आसपास के क्षेत्रों में लगभग 180 अपार्टमेंट को गैस आपूर्ति उपलब्ध करा दी गई है। किसी भी प्रकार की समस्या की स्थिति में ग्राहक 1800-123-121111 पर गेल के कस्टमर केयर से या 89876-70901 पर कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते हैं, अथवा त्वरित समाधान हेतु गेल के बिष्टुपुर कार्यालय भी आ सकते हैं। घरेलू या वाणिज्यिक उपयोग के लिए पीएनजी कनेक्शन लेना चाहने वाले इच्छुक उपभोक्ता 94711-81149 पर गेल की जमशेदपुर मार्केटिंग टीम से संपर्क कर सकते हैं।

अटलजी का जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों का श्रेष्ठ उदाहरण : मुंडा

पोटका में कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में बुधवार को भाजपा ने पोटका विधानसभा के हल्दीपोखर स्थित त्रिपाठी भवन में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अटल जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रभक्ति, लोकतांत्रिक मूल्यों और सुशासन के प्रति अटूट निष्ठा का जीवंत उदाहरण रहा है। अटल जी ऐसे राजनेता थे, जिन्होंने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया और राजनीति को सेवा, संवेदना व संवाद का माध्यम बनाया। झारखंड अलग राज्य का गठन भी उनके अटल इरादों के कारण संभव हुआ। अटल बिहारी वाजपेयी ने कठिन परिस्थितियों में भी देश को स्थिर, मजबूत और आत्मनिर्भर दिशा देने का कार्य किया। पोखरण परमाणु परीक्षण, सर्वसमावेशी विकास की सोच, ग्राम सड़क योजना, स्वर्णिम चतुर्भुज और सुशासन की मजबूत नींव उनके दूरदर्शी नेतृत्व के प्रतीक हैं। उनके निर्णयों में राष्ट्र सर्वोपरि रहा और लोकतंत्र की गरिमा सदैव अक्षुण्ण रही।

कोल्हान विवि : 2026 के लिए एकीकृत अवकाश कैलेंडर जारी

JAMSHEDPUR : कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा ने वर्ष 2026 के लिए एकीकृत अवकाश कैलेंडर जारी कर दिया है। इसके तहत विवि में 85 दिन का अवकाश दिया गया है। यह अधिसूचना बुधवार को विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा जारी की गई। यह कैलेंडर राज्यपाल सह कुलाधिपति द्वारा अनुमोदित है। जारी सूचना के अनुसार, यह अवकाश कैलेंडर कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी संबद्ध महाविद्यालयों, स्नातकोत्तर विभागों, संकायों एवं प्रशासनिक कार्यालयों में समान रूप से लागू होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कैलेंडर शैक्षणिक गतिविधियों, परीक्षाओं, कार्यालयीन कार्यों एवं शिक्षण व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से जारी किया गया है। हालांकि, अधिसूचना में यह भी बताया गया है कि प्रतिबंधित अवकाश की अलग से अधिसूचना शीघ्र जारी की जाएगी। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर इस कैलेंडर को अपलोड करने का निर्देश भी दिया गया है, ताकि सभी संबंधित अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी समय रहते अवकाशों की जानकारी प्राप्त कर सकें।

मतदाता सूची की मैपिंग में सुधार के लिए बेहतर समन्वय आवश्यक : डीसी

PHOTON NEWS JSR : जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में बुधवार को मतदाता सूची की मैपिंग प्रक्रिया को सुचारू एवं प्रभावी बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक हुई। उन्होने कहा कि जिला अंतर्गत छह विधानसभा क्षेत्रों के शहरी क्षेत्र में मतदाता सूची की मैपिंग में सुधार करने के लिए बेहतर आपसी समन्वय आवश्यक है। उन्होने बीएलओ, सुपरवाइजर एवं बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ प्री-एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के कार्यों में लगे सभी लोगों को अगले एक साप्ताह में फोकस हो कर काम करने का निर्देश दिया। विशेष तौर पर शहरी क्षेत्रों में क्षेत्रीय पदाधिकारियों को बेहतर रणनिति के साथ फील्ड विजिट करने के साथ साथ आंकड़ा अपडेट करने पर बल दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की सुगमता के लिए सटीक मैपिंग एकमात्र विकल्प है। खासकर शहरी क्षेत्र में मैपिंग के लिए विशेष रणनीति बनाना होगा, ताकि कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए और उनकी पहचान पूरी तरह सत्यापित हो, इसे लक्ष्य बनाकर कार्य करना चाहिए। उपायुक्त ने पूर्वी सिंहभूम जिला के 47-जुगसलाई (अ.जा.), 48-जमशेदपुर पूर्वी तथा 49-जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी निर्वाचकों से अपील की कि वर्तमान निर्वाचक नामावली में अपना नाम रक्फ 2003 में सर्च करके अपने संबंधित बूथ के बीएलओ की सूची https://voters.eci.gov.in पर जाकर Book a call with BLO पर उपलब्ध है) दूरभाष पर उपलब्ध कराए।

समाहरणालय में बैठक करते उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ● फोटोन न्यूज

नववर्ष शांति बनाए रखने के लिए पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, सिटी एसपी ने जुबिली पार्क में लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

नए साल को लेकर पिकनिक स्थलों पर सैलानियों की रौनक

PHOTON NEWS JSR : साल के आखिरी दिन बुधवार को लौहनगरी और इसके आसपास के पिकनिक स्पॉट गुलजार रहे। यहां सैलानियों की रौनक है। इन पिकनिक स्पॉटों पर पिकनिक मनाने वालों का मजमा है। अपने परिवार के साथ आए लोग पिकनिक मना रहे थे। हर तरफ खुशी का समां है। लोग पिकनिक का आनंद लेकर साल को विदा कर रहे हैं। जमशेदपुर का जुबिली पार्क पिकनिक का मुख्य केंद्र बना हुआ है। यहां सबसे अधिक लोग जुटे हैं। इसके अलावा, मोदी पार्क, डिमना डैम, चांडिल डैम, पहाड़भांगा, डोबो डैम, दलमा आदि इलाके में लोगों की भीड़ है। पुलिस ने सभी पिकनिक स्पॉट पर नजर रखी है। यहां पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। पुलिस ने फ्लैग मार्च भी निकाला, जो साकची थाना स्थित सीसीआर से जुबिली पार्क पहुंचा। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने जुबिली पार्क की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

जमशेदपुर में पिकनिक का काफी क्रेज है। यहां जुबिली पार्क एक बड़ा पिकनिक स्थल है। यहां बुधवार को पिकनिक करने वालों की काफी भीड़ देखी गई। लोग घरों से अच्छे-अच्छे पकवान बनाकर लाए थे। बच्चे बैडमिंटन, खो-खो, फुटबॉल आदि खेल खेल रहे थे। कई संस्थाओं की ओर से भी पिकनिक का आयोजन किया गया। मानगो के रोड नंबर 15 निवासी राकेश सिंह परिवार के साथ जुबिली पार्क आए थे। उनका कहना है कि अगर आज भी पिकनिक के लिए नहीं निकले तो फिर जिंदादिली किस काम की। बच्चे भी पिकनिक की जिद कर रहे थे। 500 एकड़ में फैला जुबिली पार्क शहर की जान है। यह दिल्ली के मुगल गार्डन की तर्ज पर विकसित हुआ है। यहां साल भर तक पिकनिक करने वालों की भीड़ रहती है। क्या सर्दी क्या गर्मी जुबिली पार्क हमेशा गुलजार रहता है। मगर, दिसंबर और जनवरी में यहां पिकनिक करने वालों की संख्या आसमान पर पहुंच जाती है। पार्क के अंदर ही जयंती सरोवर है। इसके किनारे बैठना लोगों को खूब भाता है। टाटा जू भी जुबिली पार्क के अंदर ही है। मगर, अब इसका मुख्य गेट मेरीन ड्राइव की तरफ खोल दिया गया है। इससे यह जुबिली पार्क से कट गया है और यहां जाने के लिए लोगों को मेरीन ड्राइव जाना पड़ता है। टाटा जू में भी लोग घूमने पहुंच रहे हैं।

डिमना में पहुंचे बाहरी सैलानी

डिमना में इन दिनों बंगाल और ओडिशा के सैलानियों का मजमा है। यहां सैलानियों की दर्जन भर से अधिक बसें खड़ी हैं। एक बस के चालक सकुर मोहंती बताते हैं कि वह बस में रायरंग के सैलानियों को लेकर आए हैं। इसी तरह, कोलकाता सहित बंगाल के अन्य इलाकों से भी सैलानियों की बसें यहां आई हैं।

चांडिल में लोग ले रहे नौका विहार का लुत्फ

चांडिल में डैम के किनारे भी पिकनिक करने वालों की भीड़ है। यहां झारखंड के विभिन्न शहरों के अलावा छत्तीसगढ़, बंगाल और ओडिशा से लोग आए हैं। यहां लोग नौकाविहार का भी आनंद ले रहे हैं। डैम के अंदर स्थित टापू लोगों के आकर्षण का केंद्र है। यहां के रेस्टोरेंट में भी तिल रखने की जगह नहीं है। रेस्तराओं में सैलानियों की पसंद के भोजन बनाए गए हैं।

पहाड़भांगा

पोटका प्रखंड के शंकरदा के पास स्थित पहाड़भांगा भी एक पिकनिक स्पॉट है। यह इन दिनों सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह स्थल वादी में स्थित है और झरना आकर्षण का मुख्य केंद्र है। इन दिनों पहाड़भांगा ओडिशा और बंगाल के टूरिस्टों से गुलजार है। यहां की हरियाली बरबस ही लोगों का ध्यान खींचती है।

2026 के स्वागत को पिकनिक स्पॉट तैयार, जुटने लगे लोग

तैनात किए गए मजिस्ट्रेट व पुलिसबल

पश्चिमी सिंहभूम जिले में 2026 को तैयारी को लेकर जिला प्रशासन की ओर से पिकनिक स्पॉट पर मजिस्ट्रेट और सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। हर पिकनिक स्पॉट पर पुलिस जवानों के साथ एक दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं, जिससे लोग सुरक्षित तरीके से नए साल का जश्न परिवार के साथ मना सकें।

CHAIBASA : नववर्ष का जश्न बुधवार की रात से ही शुरू हो गया। वर्ष 2026 के स्वागत लिए जिले के पिकनिक स्पॉट, होटल और रेस्तरां भी सज-धजकर तैयार हो गए हैं। सबसे अधिक भीड़ बंदगांव के हिरणी जलप्रपात व चाईबासा के कुजू नदी में होने की संभावना है। चक्रधरपुर के पंप रोड, नकटी और पंसुआ डैम में भी युवाओं का जुटान होता है। कई लोग दिन की शुरूआत मंदिर, गुरुद्वारा, चर्च में दर्शन-पूजन से करते हैं, लिहाजा वहां भी लोगों की सहूलियत के इंतजाम किए गए हैं। पार्क, नदी व झरनों में भी लोग पहुंचेंगे। चाईबासा के सटे लुपुंगुटू और बोड़दा पुल पर भी काफी लोग जुटते हैं। शहर से गांव तक नए साल के जश्न के लिए तैयार है। चाईबासा के जुबिली लेक, शहीद पार्क, रूंगटा गार्डन, चक्रधरपुर के रेलवे पार्क में वैसे तो पूरे साल लोग घूमने आते हैं, लेकिन साल के पहले दिन यहां मेले जैसा माहौल होता है। चक्रधरपुर के रेलवे पार्क में बच्चों के लिए झूला व खेल के उपकरण लगे हुए हैं। पार्कों के अलावा नए साल पर धमाल के लिए होटल-रेस्तरां भी सज-धजकर तैयार हो गए हैं। यहां अलग-अलग रेट पर लाइव म्यूजिक, डीजे आदि के साथ नाश्ता- खाना उपलब्ध है। **धार्मिक स्थलों से होगी दिन की शुरूआत :** नए साल के पहले दिन काफी लोग मंदिरों, गुरुद्वारा, गिरजाघर में प्रार्थना और पूजा-अर्चना करने आएंगे। चाईबासा के रामतीर्थ मंदिर, केरा मंदिर, कंसरा मंदिर, पाउड़ी मंदिर, महादेवसाल, समीज आश्रम आदि आदि जगहों पर लोग पहुंचेंगे। इसके अलावा गुरुद्वारा और गिरजाघर में भी लोग पहुंचेंगे।

नव वर्ष 2025

विश्वभर में नया साल मनाने का तरीका भी अलग-अलग है. सभी धर्मों में नया साल एक उत्सव की तरह अलग-अलग अंदाज में अलग-अलग परंपराओं के साथ मनाया जाता है. दुनिया में सबसे अधिक देशों में ईसाई नव वर्ष मनाए जाने की परंपरा है. ईसाई वर्ष 1 जनवरी से शुरू होकर 31 दिसंबर तक 12 महीनों में बंटा हुआ है. खास बात यह है कि भले ही दुनिया के सभी धर्मों के रीति-रिवाज अलग-अलग हों लेकिन 1 जनवरी को सभी देशों में नए साल की धूम रहती है. विश्व में वर्ष के अंतिम कुछ क्षणों में आतिशबाज़ी करते हुए पुराने साल को विदा और नव वर्ष का स्वागत किया जाता है.

क्या है न्यू ईयर की कहानी?

हजारों साल पहले प्राचीन बेबीलोन में न्यू ईयर की शुरुआत हुई थी. परंतु उस समय नव वर्ष का यह उत्सव 21 मार्च को मनाया जाता था जो कि वसंत के आगमन की तिथि थी. जो हिन्दुओं का नववर्ष है. ग्यारह दिनों तक चलने वाले पर्व के रूप में यह वसंत ऋतु के पहले दिन से शुरू होता था. इसीलिए सितंबर सातवां, अक्टूबर आठवां, नवंबर नौवां और दिसंबर दसवां महीना माना जाता था. जैसा कि इनके नामों से स्पष्ट होता है. यह गणना रोमन कैलेंडर के अनुसार किया जाता था जो सातवीं शताब्दी बीसी से शुरू हुआ और यह चन्द्रमा के चक्र के मुताबिक था. रोमन कैलेंडर अटकलबाजी के बलबूते बनाया गया था. जो 1 मार्च से शुरू होता था. तब एक साल में 304 दिन और कुल 10 महीने हुआ करते थे. मार्च से लेकर दिसम्बर तक, इन महीनों के नाम इस तरह थे मर्सिअस, एप्रिलिस, मैयास, जूनियस, क़ुइन्तिलिस, सेक्सटिलिस, सेप्टेम्बर, ओक्टोबर, नोवेम्बर, और डिसेम्बर.लेकिन सन 1570 के आसपास पोप ग्रेगरी XIII ने क्रिस्टोफर क्लेवियस को एक नया कैलेंडर बनाने का जिम्मा सौंपा. इस तरह सन 1582 में ग्रेगोरियन कैलेंडर अस्तित्व में आया. तब से पूरी दुनिया में नए साल का उत्सव बदस्तूर 1 जनवरी को मनाया जाता है.

न्यू ईयर पर अमेरिका की बॉल ड्रॉपिंग परंपरा

वैसे तो विश्व में वर्ष के अंतिम कुछ क्षणों में आतिशबाजी करते हुए पुराने साल को विदा और नव वर्ष का स्वागत किया जाता है परंतु अमेरिका में यह उत्सव अलग तरीके से मनाया जाता है। यहाँ का 'बॉल ड्रॉपिंग' दुनिया का सबसे मशहूर बॉल ड्रॉपिंग कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम न्यूयॉर्क शहर के टाइस स्वायर पर न्यू इयर्स ईव की मध्यरात्रि को होता है। इससे पहले डाउनटाउन मैनहट्टन के ट्रिनिटी चर्च के घंटे को सुनने के लिए आधी रात में लोग जमा होते थे। द न्यूयॉर्क टाइस ने सन 1904 में जन मानस को आकर्षित करने के लिए न्यूयॉर्क टाइस की ईमारत पर जोरदार आतिशबाजी की। इससे लोग आकर्षित तो हुए लेकिन पटाखों के कारण सड़कों पर गरम राख और पटाखों के टुकड़ों की बरसात हुई जो कि हानिकारक होने के साथ कचरा जमा होने का भी कारण बना इन्हीं वजहों से न्यूयॉर्क पुलिस ने वहां आतिशबाजी करने के कार्यक्रम पर प्रतिबंध लगा दिया। तब न्यूयॉर्क टाइस के मालिक एडोल्फ ऑस ने अपने चीफ इलेट्रिशियन वॉल्टर पाल्मर को नया रास्ता निकालने के लिए कहा। पाल्मर के डिजाइन के आधार पर ऑस ने आर्टक्राट स्ट्रॉस साइन कंपनी को लगभग 318 किलो की लोहे व लकड़ी से निर्मित और 25 वाट के 100 बल्बों से जड़ित बॉल बनाने की जिमेदारी दी। इस बॉल को पहली बार इलेट्रिसिटी का उपयोग कर सन 1908 के बॉल ड्रॉपिंग में प्रयोग किया गया।

भारतीय नव वर्ष

ग्रेगोरियन कलैंडर का अनुसरण वैसे तो पूरी दुनिया में हो रहा है लेकिन विभिन्न देशों में वहां की संस्कृति के अनुसार भी नया साल मनाने की परंपरा है। भारत में तो विभिन्न धर्म व संप्रदाय एक साथ रहते हैं। इन धर्मों व संप्रदायों के कैलेंडर भी अलग-अलग हैं अत: इनके नव वर्ष की तिथियां भी अलग-अलग होती हैं। हिंदू नववर्ष की बात करें तो यह चैत्र माह की शुल प्रतिपदा तिथि से आरंभ होता है जो कि अंग्रेजी कैलेंडर वर्ष के अनुसार मार्च-अप्रैल माह में पड़ता है।

लीजिये, हंसता और मुस्कुराता, खिलखिलाकर नव उल्लास बिखराता, निराशा को भगाता और आशा को बटोरता नया वर्ष फिर से आ गया। चारों ओर देखिये, पेड़ नये पड़ुों और कलियों के आगमन से कैसे झूम रहे हैं। पेड़-पौधे मुक्तहस्त होकर सुगंध बांट रहे हैं। भला कौन वह मूर्ख होगा, जो परिवार में आ रहे नये सदस्यों को देख खुश न हो। पशु हो या पक्षी, मानव हो या वनस्पति; सब पुराने के जाने पर दुखी होते हैं; पर वह दुख नवआगत के स्वागत के कारण धूमिल भी हो जाता है। यही सृष्टि का नियम है, इसलिए आज सब खुश है। आखिर क्यों न हों, नया साल जो आया है।

दोस्तों, हर देश व संस्कृति में अलग अलग तारीख में नया वर्ष मनाये जाने की परम्परा पहले से ही चली आ रही है. लोग अलग अलग तरीके से इस आयोजन को मानते है, जैसे कोई दारू पीता है तो कोई पार्टी करता है, कही लोगो व्यर्थ में बैठे रहते है तो कोई मजे के नाम पर समय व पैसो की बर्बादी करता है. लेकिन कुछ लोग खुद में सुधार के लिए अच्छा काम भी करते है लेकिन समय बीतने के साथ ही वह अपने संकल्पों को जान-बूझकर तोड़ देते है और पुराने ढर्रे पर ही वापस आ जाते है. एक साल में ही 'ढाक के तीन पात' वाली स्थिति नज़र आने लगती है। वैसे भी किसी नयी शुरुआत के लिए नये साल या किसी मुहूर्त की प्रतीक्षा ही क्यों करना ? इस बार हम नये साल क्या हर साल व हर क्षण को सार्थक करने के कुछ सरल तरीके बता रहे हैं जिसमे आपको अपने अंदर कुछ ज्यादा बदलाव करने की जरूरत नहीं है बल्कि आपको इन्हें तुरंत ही तन-मन-धन से भी अधिक ध्यान से अपनाने की जरूरत होगी.

अपनी कमाई और खर्चो का लेखा-जोखा रखें -

दोस्तों, इस नव वर्ष में आपको सबसे पहले अपने खर्चे व होने वाली कमाई का एक लेखा जोखा जरुर रखना चाहिए. एक ऐसा लेखा जोखा बनायें जिसमें हर दिन के हिसाब से अपने प्रत्येक छोटे-से-छोटे खर्चे का भी उल्लेख करें किन्तु ध्यान रखें कि किसी को बुरा न लगे या किसी पर किया गया खर्चा 'अहसान जताने' जैसा न हो. हो सके तो ऐसा लगे भी ना ! आप अपना लेखा जोखा शुरू करोगे तो आपको अपने व्यर्थ खर्चो को ष्श्वुह्लह्मश्च कर सकोगे साथ ही साथ इससे आपको विलासादि जैसे व्यर्थ खर्चे न्यूनतम करते हुए शून्य करने व अच्छे काम में किये गये खर्चो को बढ़ाने में सहायता होगी।

ब्रह्ममुहूर्त में उठने की आदत बनायें -

दोस्तों, हमारे लिए सुबह उठना काफी फायदेमंद होता है और इससे हमारी बॉडी तरोताजा रहती है. सुबह जल्दी उठने से हमारे पास एक्स्ट्रा टाइम भी होता है. इसलिए सुबह सूर्य की पहली किरण पहुँचने से पहले उठकर स्नान करने की आदत एक बार बना ली तो यह बात गाँठ बाँध लीजिए कि आप अपनी पुराणी स्थिति की अपेक्षा अधिक सहज रहेंगे. आपका समय-प्रबन्धन अब कुछ ठीक प्रकार से हो जायेगा व आप दिन-रात ताम-झाम में डूबी रहने वाली व टाइम नहीं है जैसी समस्याओं से दूर हो जाओगे. अब आपके पास समय ही समय होगा और अपने दिन भर के काम आप एक ही दिन में पूरे करने लगोगे.

अपनी डायरी मैण्टैन करें -

टी.वी. के सामने व्यर्थ बैठे रहने, शराब, धूम्रपान करने में जो आपने अपना नुकसान किया उसकी सारी विवरण, कार्य व समय इत्यादि के अनुसार प्रतिदिन इस प्रकार लिखें कि जिस दिन आप उस निरर्थकता से बचे तो आपको आनन्द आयेगा व संतोष का अनुभव होगा तथा गम्भीरता से पालन किया तो किसी दिन ऐसी स्थिति भी आ जायेगी कि आपको यह सब लिखने की जरूरत भी अनुभव नहीं होगी या आप पूरी तरह से सुधर चुके होंगे। जब भी कोई उल्लंघन करें तो अपने आप को कुछ सज़ा दें, जैसे कि अगले दिन चाय-काफ़ी बिल्कुल न पीयें, कल साईकल ही चलायें, कल 10-10 मिनटस तक कम से कम तीन बार रस्सी कूदें इत्यादि। ग़लती को दोहराने पर सज़ा की मात्रा व तीव्रता बढ़ा दें ताकि स्वयं को संदेश जाये कि अबकी बार



नववर्ष को जिन्दगी का सबसे बड़ा वर्ष कैसे बनाये ?

अधिक सावधानी बरतनी है, या दण्ड झेलना और कठिन हो जायेगा।

मिट्टी के दो कटोरे में डेली पानी भरे -

हाट जाकर देसी मिट्टी से बने दो सकोरे लायें जिन्हें प्रतिदिन धो-धोकर एक सकोरे में पेयजल भरें व दुसरे में मिश्रित देसी साबुत अनाज को मिक्स करके रखे, स्थानीय किराना दुकान या अनाज-व्यवसायी से बोलें. समस्त देसी व साबुत अनाजों का एक मिश्रण तैयार कर दें। शहर हो या गाँव हर स्थिति-परिस्थिति में पक्षियों व गिलहरियों को स्वच्छ पेयजल व पौष्टिक व स्वादिष्ट शुद्ध भोजन की कमी की सतत पूर्ति का यह सबसे सरल उपाय है एवं हम सबके 'मनुष्य' होने को परिभाषित करता ईश्वरीय उत्तरदायित्व भी।

कील-तार-सीमेण्ट-क्रांक्रीट से करें मुक्त -

आपने देखा होगा की कई बार कई पेड़ - पौधे तार व अन्य चीजो से दब जाते है या उनके ऊपर किसी सामान का बोझ लदा रहता है जिस कारण वह पौधे या तो टूट जाते है या उनका विकास नहीं हो पाता. इसलिए हर दिन लेखा-जोखा रखें कि आज आसपास या आपके घर से दूर कितने पेड़ों से आपने कीलें निकालीं, उनसे तार हटाये, उनका दम घोंट रही क्रांक्रीट अथवा सीमेण्ट को दूर किया. इसके लिये अपने पास प्लायर, कैंची, लौहे की छोटी-सी राड, खुरपी इत्यादि का एक पैकेट रखें जो अन्य कई कार्य भी आयेगा।

जीव जन्तुओ की सेवा की साप्ताहिक रिपोर्ट काई -

अपनी आँखों को खुला रखकर घर से बाहर निकलें, जहाँ भी कोई पशु-पक्षी घायल, भूखा-प्यासा या अन्य किसी भी प्रकार से रोगी व ज़रूरतमंद लगे तुरंत रुककर उसे सहायता पहुँचायें, आवश्यकता पड़ने पर खुद ट्राली या ऑटो की व्यवस्था करवाकर उसे चिकित्सालय पहुँचायें. उसकी निगरानी करें व जरूरत पड़ने पर डाक्टर इत्यादि को बुलवाने का भी ख्याल रखें। वैसे भी ये कार्य करने में उतने कठिन नहीं होंगे परन्तु यदि पैसो से जुड़ी जैसी कोई समस्या या अन्य कोई बात आड़े आये तो भी परिचितों व अपरिचितों से सहायता माँगने में संकोच न करें।

बीज व वृक्षारोपण करे -

अपने साथ यहाँ-वहाँ से इकट्ठे किये गये बीज (जैसे सीताफल, बकायन, आम, चीकू, जामुन, शीशम) रखें जिन्हें आप आते-जाते मार्ग में जहाँ-जहाँ या नम व कुछ सुरक्षित-सी लगने वाले भूमि में एक छोटी-सी लकड़ी से खोदकर गड़ाते चलें जिनमें से यदि 5 प्रतिशत भी पेड़ बने तो आपका समूचा प्रयास सफल ही कहा जायेगा. स्थानीय नर्सरी से कुछ ऐसे पेड़ खरीदे जो लोगों को बहुत भायेंगे, जैसे कि तेजपत्ता, दालचीनी, मीठी नीम, कपूर, गुग्गल, अमरूद, अनार, बेलपत्र, नारियल आदि, जहाँ-तहाँ पूछताछ जारी रखें व यदि कोई भूस्वामी, मकान-मालिक, मंदिर-पुजारी या दुकानदार अपने इलाके या अधिकार क्षेत्र में वह प्रजाति लगवाना चाहे तो वहाँ स्वयं अपने हाथों से लगाकर आयें व उसकी सुरक्षा व नियमित पानी देने का निवेदन भी करके आयें. आपके द्वारा की गयी यह पहल आपके पुण्य तो बढ़ायेगी ही, साथ में हरियाली बढ़ाने के साथ सौहार्द्र बढ़ाने में भी प्रमुख भूमिका निभायेगी. यदि वृक्ष सुरक्षा-कवच बनाना हो तो तीन-चार मजबूत डण्डे, बाँस, पुरानी पड़ी राड्स गड़ाकर.. ठौंककर या गड्ढे खोदकर व रस्सियाँ या बेर-बबूल के काँटों से आप बड़ी आसानी से यह भी कर सकते हैं।

बिना स्वार्थ के कर्म करे -

स्वार्थ या अपने कुल-कुटुम्ब के लिये तो कुत्ता भी बहुत कुछ कर ही लेता है परन्तु नि:स्वार्थ भाव से या परायों के लिये, पेड़-पौधों व पशु-पक्षियों, अनाथों-बूढ़ों, अपरिचितों इत्यादि के लिये कुछ किया हो तो भगवान् को लगे कि आपको मानव जन्म प्रदान करना सार्थक हो रहा है. इस बात को समझने के लिए आप हमारा जीवन की सार्थकता के 41 मार्ग यह आर्टिकल जरुर पढ़ा जा सकता है। उपरोक्त सम्पूर्ण डाटाबेस हर दिन के आधार पर तैयार करना है, यह नहीं कि भूल गये या बाद में लिखेंगे। नया साल चाहे जब आये, आप तो अभी से आरम्भ करें, शुभस्य शीघ्रम् ! श्रीगणेश करें...

अंग्रेजी नववर्ष का भारतीयकरण

अंग्रेजी या ईसाई नववर्ष दुनियां के उन देशों में मनाया जाता है जिन पर कभी अंग्रेजों ने राज किया था। हर देश अपने इतिहास और मान्यताओं के अनुसार नव वर्ष मनाता है। भारत में प्राय: सभी संवत्सर चैत्रा शुल प्रतिपदा से प्रारम्भ होते हैं पर प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमरीका और ब्रिटेन का वर्चस्व दुनियां में बढ़ गया। इन दोनों के ईसाई देश होने से कई अन्य देशों में भी ईसाई वेशभूषा, खानपान, भाषा और परपराओं की नकल होने लगी। भारत भी इसका अपवाद नहीं है।

एक बार फिर एक जनवरी आएगी। हर बार की तरह समाचार माध्यमों ने वातावरण बनाना प्रारभ कर दिया है। 31 दिसबर की रात और एक जनवरी को दिन भर शोर-शराबा होगा। लोगों ने एक दूसरे को बधाई लेंगे और देंगे। सरल मोबाइल संदेशों (एसएमएस) के आदान-प्रदान से मोबाइल कंपनियों की चांदी कटेंगे। रात में बारह बजे लोग शोर मचाएंगे। शराब, शवाब और कवाब के दौर चलेंगे। इसके अतिरित और भी न जाने लोग कैसी-कैसी मूर्खताएं करेंगे जरा सोचिये, नये दिन और वर्ष का प्रारभ रात के अंधेरे में हो, इससे बड़ी मूर्खता और क्या हो सकती है।

यह बात आज तक समझ में नहीं आई कि यदि ईसा मसीह का जन्म 25 दिसबर को हुआ था तो जिस वर्ष और ईसवी को उनके जन्म से जोड़ा जाता है, उसे एक सप्ताह बाद एक जनवरी से क्यों मनाया जाता है । वस्तुत: ईसा का जन्म 25 दिसबर को नहीं हुआ था। चौथी शती में पोप लाइबेरियस ने इसकी तिथि 25 दिसबर घोषित कर दी, तब से इसे मनाया जाने लगा। तथ्य तो यह भी है कि ईसा मसीह के जीवन के साथ जो प्रसंग जुड़े हैं, वे बहुत पहले से ही योरोप के अनेक देशों में प्रचलित थे। उन्हें ही ईसा के साथ जोड़कर एक कहानी गढ़ दी गयी। इससे इस संदेह की पुष्टि होती है कि ईसा नामक कोई व्यति हुआ ही नहीं वरना यह कैसे संभव है कि जिस तथाकथित ईश्वर के बेटे के दुनियां में अरबों लोग अनुयायी हैं, उसकी ठीक जन्म-तिथि ही पता न हो। जैसे भारत में 'जय संतोषी मां' नामक फिल्म ने कई वर्ष के लिए एक नयी देवी को ह्रश्वातिष्ठित कर दिया था। कुछ ऐसी ही कहानी ईसा मसीह की भी है

इसके दूसरी ओर भारत में देखें तो लाखों साल पूर्व हुए श्रीराम और 5,000 से भी अधिक वर्ष पूर्व हुए श्रीकृष्ण ही नहीं तो अन्य सब अवतारों, देवी-देवताओं और महामानवों के जन्म की प्रामाणिक तिथियां सब जानते हैं और उन्हें हर वर्ष धूमधाम से मनाते भी हैं। लेकिन फिर भी नव वर्ष के रूप में एक जनवरी प्रतिष्ठित हो गयी है, लोग इसे मनाते भी हैं, इसलिए मेरा विचार है कि हमें इस अंग्रेजी पर्व का भारतीयकरण कर देना चाहिए। इसके लिए भविष्य में निन कुछ प्रयोग किये जा सकते हैं। एक जनवरी को अपने गांव या मोहल्ले में भगवती जागरण करें। अपने घर, मोहल्ले या मंदिर में श्रीरामचरितमानस का अखंड पारायण प्रारभ करें। एक जनवरी को प्रात: सामूहिक यज्ञ का आयोजन हो।

एक जनवरी को भजन गाते हुए प्रभातफेरी निकालें। सिख, जैन, बौद्ध आदि मत और पंथों की मान्यता के अनुसार कोई धार्मिक कार्यक्रम करें। एक जनवरी को प्रात: बस और रेलवे स्टेशन पर जाकर लोगों के माथे पर तिलक लगाएं। एक जनवरी को निर्धनों को भोजन कराएं। बच्चों के साथ कुष्ठ आश्रम, गोशाला या मंदिर में जाकर दान-पुण्य करें। ये कुछ सुझाव हैं। यदि इस दिशा में सोचना प्रारभ करेंगे तो कुछ अन्य प्रयोग और कार्यक्रम भी ध्यान में आएंगे। हिन्दू पर्व मानव के मन में सात्विकता जगाते हैं चाहे वे रात में हों या दिन में जबकि अंग्रेजी पर्व नशे और विदेशी संगीत में डुबोकर चरित्राहीनता और अपराध की दिशा में ढकेलते हैं। इसलिए जिन मानसिक गुलामों को इस अंग्रेजी और ईसाई नववर्ष को मनाने की मजबूरी हो, वे इसका भारतीयकरण कर मनाएं।

वर्ष 2025 को अलविदा, नववर्ष 2026 का स्वागत



विनोद कुमार सिंह

हर वर्ष की विदाई दरअसल हमारे अपने कर्मों,निर्णयों और चूकों की विदाई होती है।जब हम वर्ष 2025 को अलविदा कह रहे हैं, तो यह केवल कैलेंडर का पन्ना पलटना नहीं है, बल्कि एक ऐसे दौर को पीछे छोड़ना है जिसने हमें बार-बार आईना दिखाया–हमारी सामूहिक चेतना, हमारे लोकतंत्र, हमारी संवेदनशीलता और हमारे भविष्य की दिशा का।

काल का चक्र महाकाल के इशारे पर अपनी धुरी पर निरतंर - निर्विघ्न घुमता रहता है।समय का पहिया कभी नहीं रुकता। वह न किसी सत्ता या सरकार के आदेश का इंतजार करता है, न किसी विचारधारा की अनुमति लेता है।हर वर्ष की विदाई दरअसल हमारे अपने कर्मों,निर्णयों और चूकों की विदाई होती है।जब हम वर्ष 2025 को अलविदा कह रहे हैं, तो यह केवल कैलेंडर का पन्ना पलटना नहीं है, बल्कि एक ऐसे दौर को पीछे छोड़ना है जिसने हमें बार-बार सच्चाई का आईना दिखाया–हमारी सामूहिक चेतना,हमारे लोकतंत्र,हमारी संवेदनशीलता और हमारे भविष्य की दिशा का। एक बार फिर से वर्ष 2025 उम्मीदों और आशंकाओं के बीच झूलता रहा।यह वर्ष न पूरी तरह अंधकारमय था, न पूरी तरह ऊजालों से भरा रहा। यह वह समय था जब तकनीक ने अभूतपूर्व छलांग लगाई, लेकिन इंसानी रिश्तों में दूरी भी बढ़ी। यह वह साल था जब अर्थव्यवस्था के आँकड़े मजबूत दिखे, लेकिन आम आदमी की थाली, नौकरी और सुरक्षा पर सवाल उठते रहे। यह वह वर्ष भी था जब लोकतंत्र की संस्थाओं पर बहस तेज हुई और नागरिक अधिकारों को लेकर समाज दो स्पष्ट धाराओं में बँटा दिखा।

2025 ने हमें सिखाया कि विकास केवल सड़क, पुल और इमारतों का नाम नहीं है। .विकास का असली पैमाना यह है कि आखिरी पंक्ति में खड़ा व्यक्ति कितना सुरक्षित, सम्मानित और सुना हुआ महसूस करता है।इस वर्ष ने यह भी बताया कि राष्ट्रवाद का सबसे सशक्त रूप वह होता है, जिसमें सवाल पूछने की आजादी सुरक्षित हो और असहमति को देशद्रोह न समझा जाए।

राजनीतिक परिदृश्य की बात करें तो 2025 में राजनीति और जनभावना के बीच की खाई और स्पष्ट हुई। राजनीति नेताओं ने अपने चुनावी भाषणों में जनता को सपने दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी , उनके घोषणापत्रों में वादे थे, लेकिन जमीनी सच्चाइयों से उनका मेल हमेशा नहीं बैठ पाया। सत्ता और विपक्ष दोनों की भूमिकाओं पर जनता की निगाहें टिकी रहीं। संसद से लेकर सड़कों तक,बहसें गरम रहीं–कभी कानूनों को लेकर,कभी संस्थाओं की स्वायत्तता को लेकर, तो कभी अभिव्यक्ति की सीमाओं को लेकर।

लोकतंत्र का सौंदर्य यही है कि वह सवालों से जीवित रहता है। 2025 में सवाल पूछे गए–कभी दबे स्वर में, कभी तेज आवाज में। पत्रकारिता, जो लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कही जाती है, उसने भी इस वर्ष अपनी कठिन परीक्षा दी। कहीं वह दबाव में दिखी, कहीं साहस के साथ खड़ी नजर आई।सच और सत्ता के बीच की यह खींचतान 2025 की सबसे बड़ी पहचान बनकर उभरी।आर्थिक मोर्चे पर 2025 विरोधाभासों का वर्ष रहा। एक ओर स्टार्ट-अप,डिजिटल भुगतान,आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में तेज प्रगति दिखी।दूसरी ओर बेरोजगारी, महँगाई और असंगठित क्षेत्र की असुरक्षा ने लाखों परिवारों को चिंता में डाले रखा। शहरों की चमक और गाँवों की चुनौतियों के बीच की दूरी और गहरी होती प्रतीत हुई।यह वर्ष बार-बार याद दिलाता रहा कि अगर विकास समावेशी नहीं है, तो वह स्थायी भी नहीं हो सकता।

शिक्षा और युवाओं के संदर्भ में 2025 एक निर्णायक मोड़ जैसा रहा। युवा ऊर्जा से भरे हैं, सपने देखते हैं, सवाल करते हैं। लेकिन उनके सामने अवसरों की अनिश्चितता, प्रतियोगिता का दबाव और मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियाँ भी हैं। इस वर्ष ने यह साफ किया कि केवल डिग्री बाँटना पर्याप्त नहीं, बल्कि कौशल, नैतिकता और रोजगार की ठोस व्यवस्था करना समय की मांग है। युवा अगर आश्वस्त नहीं होंगे,तो भविष्य भी अस्थिर रहेगा।

तकनीक के क्षेत्र में वर्ष 2025 ऐतिहासिक रहा।आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस,ऑटोमेशन और डेटा-आधारित निर्णयों ने जीवन को सुविधाजनक बनाया,लेकिन साथ ही निजता,रोजगार और मानवीय हस्तक्षेप पर नए सवाल खड़े किए। यह वर्ष हमें चेतावनी देकर गया कि तकनीक साधन है, साध्य नहीं। अगर तकनीक का संचालन मानवीय मूल्यों के बिना हुआ, तो वह प्रगति नहीं, संकट बन सकती है।

पर्यावरण के मोर्चे पर 2025 ने सबसे कड़ा संदेश दिया। जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की आशंका नहीं, वर्तमान की सच्चाई बन चुका है। कहीं बाढ़, कहीं सूखा, कहीं भीषण गर्मी–प्रकृति ने साफ शब्दों में कहा कि उसका धैर्य टूट रहा है। विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन का सवाल अब टाला नहीं जा सकता। यह वर्ष हमें याद दिलाकर गया कि धरती केवल संसाधन नहीं, हमारी साझी विरासत है।अगर हम सामाजिक ताने-बाने की बात करें तो 2025 में सहिष्णुता की परीक्षा हुई।विविधता हमारे समाज की ताकत रही है,लेकिन इसे कमजोरी समझने की प्रवृत्ति भी दिखी। धर्म, जाति, भाषा और विचार के नाम पर खिंची लकीरें कहीं-कहीं और गहरी हुईं।फिर भी इसी समाज में ऐसे स्वर भी उभरे जिन्होंने संवाद, समरसता और मानवीय मूल्यों की बात की। यही विरोधाभास 2025 की आत्मा रहा।

अब जब हम नववर्ष 2026 की दहलीज पर खड़े हैं, तो सवाल यह नहीं कि नया साल हमें क्या देगा, बल्कि यह है कि हम नए साल को क्या देंगे। क्या हम पुराने पूर्वाग्रहों को भी साथ लेकर जाएंगे, या उन्हें यहीं छोड़ देंगे? क्या हम केवल शिकायतों की सूची बढ़ाएंगे, या समाधान का हिस्सा बनेंगे?

2026 का स्वागत केवल आतिशबाजी और शुभकामनाओं से नहीं होना चाहिए,बल्कि संकल्पों से होना चाहिए।संकल्प–एक अधिक संवेदनशील समाज का, एक अधिक जवाबदेह शासन का, एक अधिक ईमानदार सार्वजनिक जीवन का। हमें यह स्वीकार करना होगा कि बदलाव किसी एक सरकार,संस्था या व्यक्ति से नहीं आता; वह सामूहिक चेतना से जन्म लेता है।

नववर्ष 2026 हमें यह अवसर देता है कि हम संवाद को टकराव से ऊपर रखें।असहमति को शत्रुता न बनने दें। सवाल पूछने को अपराध नहीं, बल्कि जिम्मेदारी समझें। लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब नागरिक जागरूक, निर्भीक और संवेदनशील होंगे।

आर्थिक रूप से 2026 से अपेक्षा है कि विकास के लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचें। रोजगार सृजन केवल आँकड़ों में नहीं, जमीन पर दिखे। किसान, श्रमिक, छोटे व्यापारी और मध्यम वर्ग–सभी को भरोसा मिले कि वे विकास की यात्रा के सहभागी हैं, दर्शक नहीं।

पर्यावरण के संदर्भ में 2026 को चेतना का वर्ष बनना होगा। यह समझ विकसित करनी होगी कि प्रकृति के साथ युद्ध नहीं, सहअस्तित्व ही एकमात्र रास्ता है। नदियाँ, पहाड़, जंगल–ये केवल भौगोलिक संरचनाएँ नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता की साँसें हैं।

युवाओं के लिए 2026 आशा का वर्ष बन सकता है, बशर्ते उन्हें अवसर, मार्गदर्शन और विश्वास मिले। उनकी ऊर्जा को नकारात्मक दिशाओं में भटकने से रोकना समाज और शासन दोनों की जिम्मेदारी है। युवा अगर राष्ट्र निर्माण में सहभागी होंगे, तो भविष्य स्वतः सुरक्षित होगा।

अंततः, वर्ष 2025 को अलविदा कहना केवल बीते समय को विदा करना नहीं है, बल्कि उसकी सीख को साथ लेना है।गलतियों से सीखकर आगे बढ़ना ही समय की सबसे बड़ी समझदारी है। नववर्ष 2026 हमारे सामने एक खुली किताब की तरह है–इसके पन्नों पर क्या लिखा जाएगा, यह हमारे आज के निर्णय तय करेंगे।

आइए,इस नववर्ष 2026 पर यह संकल्प लें कि हम सभी अधिक संवेदनशील,अधिक जिम्मेदार और अधिक ईमानदार मानव बनेंगें। क्योंकि जब समाज बेहतर बनता है, तभी वर्ष भी वास्तव में नया होता है।

वर्ष 2025 को विनम्र विदाई के संग नववर्ष 2026 का स्वागत–उम्मीद, विवेक और विश्वास के साथ करें । हमारी हार्दिक शुभकामनाएं स्वीकार करे ।नव वर्ष मंगलमय हो

(स्वतंत्र पत्रकार व स्तम्भकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

संपादकीय

एंजेल चकमा की मौत, देश के लिए सबक

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में त्रिपुरा से आए छात्र एंजेल चकमा की नस्लवादी नफरत में हत्या कर दी गई। इस घटना पर अब उत्तराखंड से लेकर त्रिपुरा तक विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं, लोग नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। पूर्वोत्तर के छात्र अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। वहीं अब भाजपा के नेता भी इस घटना को दुखद और चिंतनीय बता रहे हैं। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को पूर्वोत्तर के लोगों की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में नस्लवाद और भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं है। किसी भी जाति, नस्ल या धर्म के लोगों का मजाक नहीं उड़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल पूर्वोत्तर के लोग ही नहीं, बल्कि सभी को इस तरह की घटनाओं से दुखी होना चाहिए, क्योंकि यह किसी के साथ भी हो सकता है। एक बेकसूर नागरिक को केवल उसके चेहरे-मोहरे के कारण मार देना दुख और नाराजगी की बात तो है ही, उससे भी अधिक गहरी चिंता की बात है कि एक समाज के तौर पर हम पागलपन के किस दौर में पहुंचा दिए गए हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को कपड़ों से पहचान करने के लिए उकसाया तो अब उससे एक कदम आगे बढ़ते हुए लोग कपड़ों के साथ-साथ खान-पान, नाम, नैन-नक्श से भी पहचान करने लगे हैं कि कौन हमारे जैसा है और कौन नहीं। जो हमारी तरह नहीं है, बहुसंख्यकों में शामिल नहीं है, उसे अल्पसंख्यक भी न रहने दिया जाए, बल्कि उसका अस्तित्व ही मिटा दिया जाए, इसी उन्मादी सोच का शिकार देश हो चुका है। भाजपा ने सत्ता पाने और उस पर जमे रहने के लिए लोगों में जो फूट डालनी शुरू की है, अब उसकी पराकाष्ठा देखी जा सकती है। किरण रिजीजू को अब अगर लग रहा है कि जाति, नस्ल या धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए, तो ऐसा ही विरोध उन्हें उस वक्त भी करना था जब सैंटा क्लॉज की टोपी पहनने या बेचने वालों को प्रताड़ित किया गया। जब जन्मदिन के जश्न में बजरंग दल के गुंडे केवल इसलिए घुसकर मारपीट करने लगे, क्योंकि उसमें अल्पसंख्यक लोग भी थे। अगर अखलाक की लिंचिंग के बाद ही किरण रिजीजू भीड़ की हिंसा के खिलाफ बोलते या झारखंड में मॉब लिंचिंग के आरोपियों को जब भाजपा नेता जयंत सिन्हा माला पहना रहे थे, तब उनकी मुखालफत करते, तब तो उनकी चिंता जायज लगती। लेकिन अभी तो ऐसा लग रहा है कि पूर्वोत्तर में भाजपा की स्थिति कमजोर न हो जाए, इस डर से किरण रिजीजू पीड़ित के पक्ष में बोल रहे हैं। गनीमत यही है कि वो बोल रहे हैं, वर्ना देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को तो शायद ऐसी घटनाएं संबोधित करने लायक लगती ही नहीं हैं। वैसे भी इस समय उनका पूरा ध्यान इस समय बंगाल चुनाव पर हैं, जहां से घुसपैठियों को चुन-चुन कर निकालने की प्रतिबद्धता मोदी-शाह दिखा रहे हैं।

चिंतन-मनन

भगवान का अचिंत्य ऐश्वर्य

भगवान भौतिक जगत के पालन व निर्वाह के लिए प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी नहीं हैं। हम एटलस (एक रोमन देवता) को कंधों पर गोला उठाये देखते हैं। वह अत्यन्त थका लगता है और इस विशाल पृथ्वीलोक को धारण किये रहता है। हमें किसी ऐसे चित्र को मन में नहीं लाना चाहिए, जिसमें कृष्ण इस सृजित ब्रह्मांड को धारण किये हों। उनका कहना है कि यद्यपि सारी वस्तुएं उन पर टिकी हैं, सारे लोक अन्तरिक्ष में तैर रहे हैं और यह अन्तरिक्ष परमेश्वर की शक्ति है किन्तु वे अन्तरिक्ष से पृथक स्थित हैं। भगवान कहते हैं, यद्यपि सब रचित पदार्थ मेरी अचिंत्य शक्ति पर टिके हैं, किन्तु भगवान रूप में मैं उनसे पृथक रहता हूं। यह भगवान का अचिंत्य ऐश्वर्य है।

वैदिककोश निरुक्ति में कहा गया है- परमेश्वर शक्ति का प्रदर्शन करते हुए अचिंत्य आश्चर्यजनक लीलाएं कर रहे हैं। उनका व्यक्तित्व विभिन्न शक्तियों से पूर्ण है और संकल्प स्वयं एक तथ्य है। भगवान को इसी रूप में समझना चाहिए। हम कोई काम करना चाहते हैं, तो अनेक विध्न आते हैं और कभी-कभी जो चाहते हैं वह नहीं कर पाते।

किन्तु जब कृष्ण कोई कार्य करना चाहते हैं, तो सब इतनी पूर्णता से सम्पन्न हो जाता है कि कोई सोच नहीं पाता कि यह सब कैसे हुआ! भगवान समझाते हैं-यद्यपि वे समस्त सृष्टि के पालक तथा धारणकर्ता हैं, किन्तु वे इस सृष्टि का स्पर्श नहीं करते। उनके मन और स्वयं उनमें कोई भेद नहीं है। वे हर वस्तु में उपस्थित हैं, किन्तु सामान्य व्यक्ति समझ नहीं पाता कि वे साकार रूप में उपस्थित हैं। वे भौतिक जगत से भिन्न हैं तो भी प्रत्येक वस्तु उन्हीं पर आश्रित है। इसे ही भगवान की योगशक्ति कहा गया है।

अर्थव्यवस्था से अंतरिक्ष तक भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियां

योगेश कुमार गोयल

भारत@2025: सामर्थ्य, संतुलन और संकल्प का निर्णायक दौर...

भारत के लिए वर्ष 2025 केवल एक कैलेंडर वर्ष नहीं बल्कि एक ऐसे संक्रमणकाल का प्रतीक बनकर उभरा, जिसने देश की विकास यात्रा को नई दिशा, नई भाषा और नया आत्मविश्वास दिया। यह वह वर्ष रहा, जब भारत ने न केवल अपनी आंतरिक क्षमताओं को सुदृढ़ किया बल्कि वैश्विक मंच पर भी एक परिपक्व, स्थिर और निर्णायक शक्ति के रूप में अपनी पहचान को और गहराया। अर्थव्यवस्था, रक्षा, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, शिक्षा, डिजिटल नवाचार, बुनियादी ढ़ांचा, ऊर्जा, स्टार्टअप और खेल, लगभग हर क्षेत्र में भारत की प्रगति ने यह स्पष्ट कर दिया कि देश अब केवल संभावनाओं का राष्ट्र नहीं बल्कि परिणाम देने वाला, नीति-आधारित और दीर्घकालिक दृष्टि से संचालित राष्ट्र बन चुका है। वैश्विक परिदृश्य 2025 में किसी भी दृष्टि से आसान नहीं था। दुनिया आर्थिक मंदी की आशंकाओं, ऊर्जा संक्रमण के दबाव, आपूर्ति श्रृंखला में अस्थिरता और तीव्र होती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से जूझ रही थी। ऐसे समय में भारत का स्थिर, संतुलित और आत्मविश्वासी प्रदर्शन इस बात का संकेत बना कि देश अब वैश्विक परिस्थितियों का केवल अनुसरण करने वाला नहीं बल्कि कई मामलों में दिशा तय करने की क्षमता भी रखता है। भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि यही रही कि तेज विकास और रणनीतिक परिपक्वता के बीच संतुलन साधते हुए उसने अल्पकालिक लाभ के बजाय दीर्घकालिक स्थायित्व को प्राथमिकता दी।

आर्थिक मोर्चे पर 2025 भारत के लिए मजबूती का वर्ष रहा। वित्तीय वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत तक पहुंचना केवल एक आंकड़ा नहीं था बल्कि यह घरेलू मांग, सार्वजनिक निवेश और संरचनात्मक सुधारों की संयुक्त शक्ति का प्रमाण था। अप्रैल से जून 2025 की तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि ने यह संकेत दिया कि भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद अपनी आंतरिक गतिशीलता बनाए रखने में सक्षम है। केंद्रीय बैंक द्वारा वृद्धि अनुमान को 7.3 प्रतिशत तक संशोधित किया जाना आर्थिक लचीलेपन और नीति-विश्वसनीयता को दशार्ता है। लगभग 4.19 ट्रिलियन डॉलर के आकार के साथ भारत का विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना केवल रैंकिंग का विषय नहीं बल्कि वैश्विक आर्थिक शक्ति-संतुलन में भारत की बढ़ती भूमिका का प्रतीक है।

विनिर्माण क्षेत्र में 2025 ने एक प्रकार से पुनर्जागरण का संकेत दिया। वर्षों से सेवा क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता के बाद अब विनिर्माण को विकास का मजबूत स्तंभ बनाने की दिशा में ठोस प्रगति दिखाई दी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में विनिर्माण उत्पादन की 4.26 प्रतिशत वृद्धि और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में निरंतर सुधार यह दशार्ता है कि उत्पादन आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने की रणनीति धरातल पर उतर रही है। इलैक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का 115 अरब डॉलर तक पहुंचना और निकट भविष्य में इसके तीव्र विस्तार की संभावना भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अधिक महत्वपूर्ण स्थान दिलाने की भूमिका निभा रही है।

अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में 2025 ने भारत को एक नई वैश्विक पहचान दी। यह वर्ष केवल प्रक्षेपणों की संख्या या तकनीकी प्रयोगों तक सीमित नहीं रहा बल्कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की भूमिका के गुणात्मक परिवर्तन का वर्ष बना। बड़े और जटिल संचार उपग्रहों की सफल तैनाती ने यह स्थापित किया कि भारत अब केवल किफायती लॉन्च सेवाओं तक सीमित नहीं है बल्कि उच्च-मूल्य और तकनीकी रूप से जटिल वाणिज्यिक मिशनों का भरोसेमंद साझेदार बन चुका है। इन-ऑर्बिट सैटेलाइट डॉकिंग जैसी उन्नत क्षमता का सफल प्रदर्शन भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशनों, उपग्रह सेवा विस्तार और गहरे अंतरिक्ष अभियानों की आधारशिला है। मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम की दिशा में किए गए परीक्षण, स्वदेशी अंतरिक्ष-ग्रेड माइक्रोप्रोसेसर का विकास और छोटे उपग्रह प्रक्षेपण तकनीक का निजी क्षेत्र को हस्तांतरण, ये सभी संकेत देते हैं कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम अब नवाचार, आत्मनिर्भरता और निजी भागीदारी के नए युग में प्रवेश कर चुका है।

रक्षा क्षेत्र में 2025 को सुधार और आत्मनिर्भरता के निर्णायक वर्ष के रूप में देखा जा सकता है। सैन्य ढ़ांचे के आधुनिकीकरण के साथ-साथ संयुक्त युद्ध क्षमता को मजबूत करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए गए। थलसेना, नौसेना और वायुसेना के बीच बेहतर समन्वय के लिए एकीकृत कमांड संरचना की ओर बढ़ना भविष्य की युद्ध आवश्यकताओं के अनुरूप एक रणनीतिक कदम है। नौसेना में नई पनडुब्बियों की तैनाती, स्वदेशी लड़ाकू विमानों की श्रृंखलाबद्ध आपूर्ति और रक्षा बजट में दीर्घकालिक निवेश यह स्पष्ट करता है कि भारत अब रक्षा क्षेत्र में आयात-निर्भरता से बाहर निकलकर घरेलू क्षमता निर्माण पर जोर दे रहा है। यह केवल सैन्य शक्ति का प्रश्न नहीं बल्कि रणनीतिक स्वायत्तता का आधार भी है। बुनियादी ढ़ांचे के विकास ने 2025 में भारत के आर्थिक और सामाजिक परिदृश्य को गहराई से प्रभावित किया। सड़क, रेल, बंदरगाह और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के विस्तार ने न केवल आवागमन को सुगम बनाया, बल्कि क्षेत्रीय असमानताओं को कम करने की दिशा में भी भूमिका निभाई। राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार, सीमावर्ती सड़कों का निर्माण और तटीय विकास परियोजनाओं का क्रियान्वयन भारत को घरेलू रूप से अधिक एकीकृत और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए अधिक सक्षम बना रहा है।

पारिवारिक परंपरा को बोझ नहीं, वैश्विक समाधान समझें

ललित गर्ग

वैश्विक परिवार दिवस, शान्ति और साझेदारी का एक दिन, संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रतिवर्ष 1 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र सहस्राब्दी समारोह, ह्यशान्ति में एक दिनह्ल से विकसित हुआ। समग्र विश्व एक वैश्विक ग्राम है और हम सभी इस बृहत्-परिवार का हिस्सा हैं। भारत ने तो वसुधैव कुटुम्बकम् का उद्घोष करते हुए समूची दुनिया को एक परिवार ही माना है। वैसे भारत की परिवार परम्परा दुनिया के लिये अनुकरणीय है। हम सभी एक परिवार हैं, चाहे हमारी नागरिकता, धर्म, जाति, सीमाएं या नस्ल कुछ भी हो। समग्र मानव जाति को एक साथ आना चाहिए और प्रेम और शान्ति में विश्वास करना चाहिए और विश्व में सुख और आशा लाने हेतु इसका अभ्यास करना चाहिए। संसार संघर्षों, युद्धों, उपद्रवों, कष्ट और पीड़ा से भरा पड़ा है। यदि हम सभी एक साथ आएं और दुनिया को प्रेम और धैर्य से ठीक करें, तो हम सभी खुशी से और अपने हृदयों में आशा के साथ रह सकते हैं। वैश्विक परिवार दिवस विविधता एवं एकता और विश्व शान्ति और अहिंसा महत्त्व के बारे में जागरूकता लाता है।

इस दिवस की शुरूआत 1997 में हुई जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने नव सहस्राब्दी के पहले दिन से विश्व के बच्चों के लिए शांति और अहिंसा की संस्कृति के अंतर्राष्ट्रीय दशक की शुरूआत की। लिंडा ग्रोवर ने अमेरिका में इसे बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसे बढ़ावा देने के अन्य प्रयासों में 'वन डे इन पीस - जनवरी 1, 2000' जैसी पुस्तकें शामिल थीं। यह पुस्तक भविष्य में एक ऐसे दिन की अवधारणा पर आधारित थी जहाँ केवल शांति हो और कोई युद्ध न हो। हालांकि, यह एक नए शांतिपूर्ण विश्व की शुरूआत मात्र थी और 1999 में, संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों को उस वर्ष के पहले दिन को शांति निर्माण की रणनीतियों को विकसित करने के लिए समर्पित करने का निमंत्रण मिला। इस दिन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए, संयुक्त राष्ट्र ने 2001 में वैश्विक परिवार दिवस को वार्षिक आयोजन घोषित कर दिया।

प्रत्येक वर्ष परिवार की भूमिका, उसकी बदलती संरचना और सामाजिक प्रासंगिकता पर विचार करने का अवसर देने वाला वैश्विक परिवार दिवस आज के समय में केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं रह गया है, बल्कि वह आधुनिक समाज की सबसे गहरी विडंबनाओं और चुनौतियों को उजागर करने वाला एक चिंतन-दिवस बन गया है। परिवार मानव जीवन की वह मूल इकाई है, जहाँ व्यक्ति का भावनात्मक, नैतिक और सामाजिक निर्माण होता है। भारतीय संदर्भ में परिवार केवल रक्त-संबंधों का समूह नहीं रहा, बल्कि वह संस्कारों की पाठशाला, शांति, सहयोग एवं सौहार्द की प्रयोगभूमि और जीवन-मूल्यों का आधार रहा है। इसी परिवार-परंपरा ने भारत को सदियों तक सामाजिक स्थिरता, अहिंसा, सहिष्णुता और मानवीय करुणा का देश बनाए रखा। आज विडंबना यह है कि जिस भारतीय परिवार व्यवस्था को दुनिया एक आदर्श मॉडल के रूप में देख रही है, उसी भारत में वह धीरे-धीरे उपेक्षा और विस्मृति का शिकार होती जा रही है। वैश्वीकरण, शहरीकरण, प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावादी जीवनशैली ने परिवार को सुविधा-केंद्रित इकाई में बदल दिया है। संयुक्त परिवारों का विघटन, एकल परिवारों का बढ़ना और रिश्तों में औपचारिकता का प्रवेश इस परिवर्तन की स्पष्ट पहचान है। माता-पिता दोनों के कार्यरत होने की स्थिति में बच्चों के साथ समय बिताना एक चुनौती बन गया है। परिणामस्वरूप बचपन, जो कभी परिवार के स्नेह, संवाद और अनुभवों से संवरता था, आज स्क्रीन, अकेलेपन और भावनात्मक रिक्तता के बीच पनप रहा है। बच्चों के जीवन में माता-पिता की अनुपस्थिति केवल समय की कमी नहीं है, बल्कि वह सुरक्षा, संवाद और मार्गदर्शन की कमी भी है। परिवार का वह सहज वातावरण, जहाँ प्रश्न पूछे जा सकते थे, गलतियाँ स्वीकार की जा सकती थीं और भावनाएँ साझा की जा सकती थीं, आज धीरे-धीरे सिमटता जा रहा है। बुजुर्ग, जो कभी परिवार की धुरी हुआ करते थे, अनुभव और संस्कार के संवाहक थे, आज कई घरों में हाशिये पर खड़े दिखाई देते हैं। उनके पास समय नहीं, धैर्य नहीं और कभी-कभी सम्मान भी नहीं बचा। यह स्थिति केवल पीढ़ियों के बीच दूरी नहीं बढ़ा रही, बल्कि समाज को उसके नैतिक आधार से भी वंचित कर रही है।

दूसरी ओर, यह भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि वैश्विक स्तर पर आज परिवार की भूमिका को नए सिरे से समझा जा रहा है। पश्चिमी देशों में, जहाँ अत्यधिक व्यक्तिगत स्वतंत्रता ने सामाजिक अकेलेपन को जन्म दिया, अब परिवार, साझेदारी और सामूहिक जीवन की पुनर्स्थापना पर गंभीर विमर्श हो रहा है। इसी क्रम में वैश्विक परिवार दिवस को केवल परिवार के रूप में नहीं, बल्कि शांति, सहयोग और साझेदारी के प्रतीक के रूप में भी देखा जाने लगा है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में इस दिवस को शांति और साझेदारी के वैश्विक दिवस के रूप में भी परिवार और मानवीय संबंधों के महत्व को रेखांकित किया जाता है। यह संकेत देता है कि परिवार केवल निजी जीवन की इकाई नहीं, बल्कि वैश्विक शांति और सामाजिक संतुलन की आधारशिला भी है।

दुनिया भर में संस्कृतियाँ और धर्म अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन सच्चाई यह है कि पूरी मानव जाति एक बड़ा परिवार है जो एकजुट होकर ही जीवित रह सकती है। इस वर्ष वैश्विक परिवार दिवस की थीम 'परिवार, शिक्षा और कल्याणः आज और भविष्य' इस तथ्य की ओर संकेत करती है कि परिवार की भूमिका केवल बच्चों को पालने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह शिक्षा का पहला केंद्र और कल्याण का स्थायी आधार है।

वैश्विक परिवार दिवस की प्रासंगिकता इसी बिंदु पर सबसे अधिक उभरकर सामने आती है कि परिवार केवल रहने की व्यवस्था नहीं, बल्कि जीने की संस्कृति है। परिवार में बिताया गया समय निवेश है, व्यय नहीं। बच्चों के साथ संवाद, बुजुर्गों के साथ सहभागिता और रिश्तों के बीच संवेदनशीलता समाज के दीर्घकालिक स्वास्थ्य की गारंटी है। यदि आज परिवार टूट रहे हैं, तो उसका प्रभाव केवल घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वह सामाजिक असंतुलन, मानसिक तनाव और मूल्यहीनता के रूप में व्यापक रूप से सामने आएगा। इस संदर्भ में आवश्यक है कि हम परिवार को नए दृष्टिकोण से देखें। आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। कार्य और परिवार के बीच प्राथमिकताओं का पुनर्निर्धारण हो। डिजिटल सुविधाओं के साथ मानवीय संवाद को भी उतना ही महत्व दिया जाए। बच्चों के लिए समय निकालना दायित्व नहीं, बल्कि भविष्य के समाज में निवेश के रूप में समझा जाए। बुजुर्गों को केवल सहारा नहीं, बल्कि मार्गदर्शक के रूप में पुनः स्वीकार किया जाए।

वैश्विक परिवार दिवस और शांति व साझेदारी का वैश्विक संदेश हमें यह सिखाता है कि परिवार जितना सशक्त होगा, समाज उतना ही शांत और सहयोगी बनेगा। परिवारों में संवाद होगा तो समाज में टकराव कम होंगे। परिवारों में साझेदारी होगी तो राष्ट्रों के बीच भी सहयोग की भावना मजबूत होगी। इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि भारत अपनी पारिवारिक परंपरा को बोझ नहीं, बल्कि वैश्विक समाधान के रूप में देखे। अंततः वैश्विक परिवार दिवस हमें आत्ममंथन का अवसर देता है। यदि परिवार सशक्त हुए तो शांति, साझेदारी और मानवीय मूल्यों का भविष्य सुरक्षित रहेगा। भारतीय परिवार परंपरा आज भी प्रासंगिक है, आवश्यक है कि हम उसे समयानुकूल रूप देते हुए अपने जीवन के केंद्र में पुनः स्थापित करें, क्योंकि मजबूत परिवार ही मजबूत समाज और शांत विश्व की आधारशिला होते हैं। प्रेषकः

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Let's resist attempts to weaponise ignorance

